हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

कन्नप्पा से काजल अग्रवाल की पहली झलक आई सामने माता पार्वती के रूप में दिखीं...



www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 12 मार्च 2025, वर्ष- 08, अंक- 24, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

# नॉर्थ-ईस्ट के एक भी युवा को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा : अमित शाह



**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित नॉर्थ-ईस्ट छात्र एवं युवा संसद को संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल के अंदर नॉर्थ-ईस्ट के एक भी युवा को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें नॉर्थ ईस्ट में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और नॉर्थ-ईस्ट के छात्रों को 2047 तक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाने, शैक्षिक पहल को बढ़ावा देने और नॉर्थ-ईस्ट के युवाओं के बीच सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में शांति नहीं होती है, वहां विकास नहीं हो सकता और मोदी सरकार ने नॉर्थ ईस्ट में शांति लाने का काम किया है। भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच की दूरी को कम कर दिया है। वर्ष 2027 तक नॉर्थ-ईस्ट की हर राजधानी ट्रेन, विमान और सड़क मार्ग से जुड़ जाएगी। शाह ने कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद, हिंसा, ड्रग, बंद और प्रांतवाद ने नॉर्थ-ईस्ट को अनेक टुकड़ों में बांट दिया। इसके कारण पिछले 40 साल जब देश विकास के रास्ते पर चल रहा था, नॉर्थ-ईस्ट पिछड़ता गया। शाह ने कहा कि भाजपा शासन में हमेशा नॉर्थ-ईस्ट को वरीयता दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के शासन काल में पूर्वोत्तर के लिए अलग मंत्रालय का गठन किया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमाम योजनाओं के केंद्र में पूर्वोत्तर को रखने का काम किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर में नस्लीय हिंसा की घटना को छोड़ दें तो केवल 10 वर्षों में पूर्वोत्तर आज पूर्ण शांति का अनुभव कर रहा है। वर्ष 2004 से 2014 तक हिंसा की कुल 11,000 घटनाएं हुईं और 2014 से 2024 तक 3,428 घटनाएं हुईं। यानी 70 प्रतिशत की कमी हुई है। सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या में भी 70 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले 10 वर्षों में नागरिकों की मौतों की संख्या में 89 प्रतिशत की कमी आई है। हमारा पूर्वोत्तर आज शांति का अनुभव कर रहा है। चाहे वह मेघालय हो, अरुणाचल हो, असम हो, नगालैंड हो या मिजोरम हो, हमने सभी सशस्त्र समूहों के साथ समझौते किए हैं और 10,500 से अधिक विद्रोही अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे मॉरीशस, हुआ भव्य स्वागत

### मोदी-मोदी के नारों से गूंजा एयरपोर्ट

**एजेंसी, पोर्ट लुइस**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे, जहां उनका ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने पूरी कैबिनेट यानी सभी 34 मंत्री के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मॉरीशस के सांसद, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और धार्मिक प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस बीच एयरपोर्ट मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। वहां मौजूद लोंगों का जोश देखते ही बन रहा था। प्रधानमंत्री अपनी इस दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा, वे मॉरीशस के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने बातचीत करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर उतरने के साथ ही पारंपरिक तरीके से माला पहनाकर सम्मान किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### माफियाराज झेलने वाले प्रयागराज का अब कायाकल्प : मुख्यमंत्री

**एजेंसी, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक निजी चैनल के कॉनक्लेव में पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया और उन पर पुष्पवर्षा भी की। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों को नीव का पत्थर बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ कुम्भ के संदेश को साकार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया है। महाकुम्भ का आयोजन प्रयागराज जैसे शहर के विकास को बढ़ाने में काफी सफल रहा।

### मरुधर एक्सप्रेस ट्रेन के पहिए से निकला धुआं मचा हड़कंप

**एजेंसी, जौनपुर।** जोधपुर से चलकर वाराणसी तक जाने वाली मरुधर एक्सप्रेस ट्रेन में मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मचा गई, जब ट्रेन जौनपुर जंक्शन स्टेशन से वाराणसी की तरफ रवाना हुई की तभी जफराबाद स्थित जौनपुर जंक्शन से जौनपुर सिटी को जोड़ने वाली ट्रैक के समीप जोधपुर से वाराणसी सिटी जाने वाली 14854 मरुधर एक्सप्रेस के जनरल बोगी में धुआं निकलने लगा। जिसके कारण 8:44 बजे लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा कर रोक दिया गया।

### होलिका दहन के अगले दिन लग रहा खग्रास चंद्र ग्रहण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फाल्गुन मास की पूर्णिमा यानी होलिका दहन के एक दिन बाद चंद्र ग्रहण लगाने वाला है। दरअसल 14 मार्च को भी पूर्णिमा रहेगी। इस बार सूर्य का राशि परिवर्तन और चंद्र ग्रहण दोनों एक दिन पड़ रहे हैं। दरअसल सूर्य हर माह राशि परिवर्तन करते हैं। इस बार सूर्य का राशि परिवर्तन 14 मार्च को होगा और तभी चंद्र ग्रहण लग रहा है। सूर्य इस बार गुरु की राशि मीन में जा रहे हैं। इस राशि में मार्च में शनि भी आ जाएंगे। बता दें कि यह चंद्रग्रहण खग्रास चंद्र ग्रहण होगा। इस ग्रहण के सूतक काल पर विचार किया जाना बहुत जरूरी है।

## रेलवे संशोधन बिल पास, अब जीएम को मिला एक हजार करोड़ के प्रोजेक्ट स्वीकृत करने का अधिकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रेलवे संशोधन अधिनियम 2025 बिल पास हो गया है। यह बिल यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने में मददगार होगा। वहीं, हादसों को रोकने के लिए कचव 4.0 तकनीक के इस्तेमाल का काम तेजी से किया जा सकेगा। नई रेल लाइन बिछाने, स्टेशनों पर रिडेवलमेंट का काम कराने और यात्रियों के सुविधाजनक सफर के लिए नई नई तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा देने वाला है। रेलवे बोर्ड के एग्जक्यूटिव डायरेक्टर के मुताबिक राज्यसभा में पास रेलवे (संशोधन) विधेयक 2025 से जोनों की ताकत बढ़ेगी। जोन के जीएम को एक हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट स्वीकृत करने का अधिकार दिया है यानी स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा से लेकर सुरक्षा तक के काम को जीएम खुद करा सकेंगे। अभी तक रेलवे बोर्ड की स्वीकृति लेनी पड़ती थी। इतना ही नहीं नई रेल लाइन से जुड़े कामों को जीएम करा सकेंगे। पहले ये काम बोर्ड की अनुमति से किए जाते थे, जिसमें समय लगता था। हादसों को रोकने के लिए कवच 4.0 तकनीक को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका 10000 किमी. का टेंडर जारी कर दिया गया है, जिसका लक्ष्य पांच साल रखा है। नए विधेयक के पारित होने के बाद यह काम भी समय से पूरा किया जा सकेगा। अभी तक रेलवे बोर्ड की देखरेख में रेलवे अपने जोन, डिवीजन और प्रोडक्शन यूनिट के जरिए से काम करता है।

## फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती, 2019 से हाईकोर्ट की रोक हटी

**एजेंसी, जयपुर।** हाईकोर्ट ने फूड सेफ्टी ऑफिसर के 89 पदों के लिए आरपीएससी की ओर से आयोजित 2019 की भर्ती प्रक्रिया पर 24 अगस्त 2020 के आदेश से लगाई गई रोक सोमवार को हटा दी है। जस्टिस समीर जैन ने यह निर्देश फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती 2022 में भाग लेने वाले अभ्यर्थी कुलदीप चौधरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। सुनवाई के दौरान राज्य के एजी ने कहा कि जोधपुर मुख्यपीठ से 2019 की भर्ती प्रक्रिया पर लगी रोक हट गई है। जयपुर पीठ ने भी जोधपुर मुख्यपीठ के अनुसरण में ही फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती 2019 के चयन सहित पूरी भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाई थी। ऐसे में यहां पर लगी रोक भी हटाई जाए।

## काले नाग लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायकों ने कहा भाजपा बेरोजगारों को डंस रही

**एजेंसी, भोपाल**



मध्य प्रदेश विधानसभा सत्र के आज यानी मंगलवार को कांग्रेस विधायकों ने अनोखा प्रदर्शन किया। टोकरी में काले नाग लेकर विधानसभा पहुंचे विधायकों का आरोप था कि भाजपा बेरोजगारों को डंस रही है इसलिए ये प्रतीकात्मक नाग लेकर पहुंचे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, सरकार युवाओं को डसना बंद करे। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कहा बेरोजगार युवाओं को सांप बनकर कब तक डसेगी भाजपा सरकार!

प्रदेश का युवा सरकार से सवाल कर रहा है कि एमपीपीएससी भर्ती क्यों रोकी गई? हर बेरोजगार के सवालों का जवाब दे भाजपा सरकार! मध्य प्रदेश के उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे ने कहा, भाजपा का असली चेहरा काले सांप जैसा ही है...वे राज्य के युवाओं के भविष्य को डस रहे हैं और मार रहे हैं। हम यह विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि यहां के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। इस वजह से मध्य प्रदेश के युवा दूसरी जगहों पर पलायन कर रहे हैं। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार न दिए जाने के विरोध में कांग्रेस विधायकों के साथ सांप हाथ में लेकर भाजपा सरकार का कड़ा विरोध करने पहुंचे हैं। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल रही है। हजारों सरकारी पद खाली हैं, फिर भी युवा बेरोजगार क्यों हैं?

## धधकती चिताओं के बीच खेली गई चिता भस्म की होली

**एजेंसी, वाराणसी**



काशी की पवित्र भूमि, जो जीवन और मृत्यु के बीच की अनंत कड़ी है,ने इस वर्ष भी एक अद्भुत दृश्य का साक्षात्कार कराया। रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन मंगलवार को मोक्ष की धरती मणिकर्णिकाघाट पर चिता भस्म की होली का आयोजन किया गया, जो न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान था, बल्कि जीवन और मृत्यु के साक्षात अनुभव को महसूस कराने वाला अतुलनीय दृश्य था। महाश्मशान घाट पर जहां एक ओर चिता की लपटें सुलग रही थीं, वहीं दूसरी ओर शिव भक्तों, नागा संतों और अघोरियों के साथ हजारों युवा 'हर-हर महादेव' के उद्घोष में डूबे हुए थे। विशाल डमरूओं की निनाद के बीच चिता भस्म और अबीर से होली खेलने का यह दृश्य जैसे जीवन के अंतिम और प्रारंभिक बिंदु का मिलन था। इस दौरान, 'खेलें मसाने में होरी दिगंबर' गीत पर युवा थिरकते रहे, जबकि घाट के वातावरण में एक अद्वितीय ऊर्जा का संचार हो रहा था।

## क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे, राज्यसभा में खरगे के बयान पर हंगामा, बाद में मांगी माफी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राज्यसभा में नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सदस्य मल्लिकार्जुन खरगे और नेता सदन जेपी नड्डा के बीच आज तीखी बहस हो गई। उपसभापति हरिवंश नारायण ने जब खरगे को बोलने से रोका तो उन्होंने कहा कि यहां तानाशाही चल रही है। इस पर उपसभापति ने फिर टोका तो खरगे ने कहा कि क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे... सरकार को ठोकेंगे। खरगे के इस बयान पर जेपी नड्डा तिलमिलाकर उठे और उन्होंने खरगे को आड़े हाथों लिया। बाद में खरगे ने चेयर से माफी मांगी। राज्यसभा में आज शिक्षा मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा के दौरान उपसभापति हरिवंश ने कांग्रेस सदस्य दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा लेकिन उसी दौरान मल्लिकार्जुन खरगे खड़े हो गए। इस पर उपसभापति ने उन्हें यह कहकर बोलने से रोक दिया कि आप सुबह में बोल चुके हैं। इस पर खरगे ने कहा कि उस समय मंत्री सदन में नहीं थे, इसलिए अब वे बोलेंगे। इस मुद्दे पर उन्होंने उपसभापति के लिए उपरोक्त कठोर और उनके पद की गरिमा के प्रतिकूल शब्दों का इस्तेमाल किया। इसे लेकर नेता सदन नड्डा ने गंभीर आपत्ति जताई। नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष खरगे ने समय-समय पर संसद के दोनों सदनों का प्रतिनिधित्व किया है।




वह वरिष्ठ सदस्य हैं लेकिन आज उन्होंने जिस भाषा का इस्तेमाल किया है, वह आपत्तिजनक और निंदनीय है। उन्होंने जिन असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया है, उसे उन्हें वापस लेना चाहिए अन्यथा उसे कार्यवाही से हटाया जाए। इसके बाद विपक्षी सदस्य खड़े होकर शोरगुल करने लगे। इस पर उपसभापति ने विपक्षी सदस्यों को सीट पर जाने के लिए कहा। बवाल बढ़ता देख खरगे ने स्थिति संभाली। उन्होंने कहा कि अगर मेरी बातों से उपसभापति को ठेस पहुंची है तो मैं उनसे माफी मांगता हूं लेकिन सरकार से नहीं। खरगे ने कहा कि मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के एक भाग की जनता के स्वाभिमान को "अनकल्चर्ड" और "अनसिविलाइज्ड" कहकर ठेस पहुंचाया है। वे देश को बांटने की बात कर रहे हैं, देश को तोड़ने की बात कर रहे हैं, इसलिए ऐसे मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। इस पर नेता सदन नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष खरगे ने अपने बयान में चेयर से माफी मांगी है, यह उनकी वरिष्ठता के हिसाब से सराहनीय है लेकिन उन्होंने सरकार के बारे में जिन शब्दों का प्रयोग किया है, वह निंदनीय है। उसे कार्यवाही से हटाया जाना चाहिए।

**बोले योगी** अब युवा जॉब के पीछे नहीं, जॉब युवाओं के पीछे भागेगी

## बुंदेलखंड भरेगा बीडा से विकास की रफ्तार, 200 एकड़ में बनेगा फार्मा पार्क : मुख्यमंत्री

**एजेंसी, झांसी**

.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी के एक दिवसीय दौरे में बुंदेलखंड के विकास का विस्तृत खाका खींचा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) 56,000 एकड़ भूमि पर बन रहा है। अभी से ऑफर आने लग गए हैं। फार्मा पार्क के लिए 2,000 एकड़ जमीन ले ली गई है। यहां कन्वेंशन सेंटर बनेगा। इसके साथ ही बुदेलखंड का विकास रफ्तर भरेगा। युवा उद्यमी अभियान मतलब अपने युवाओं को उद्यमी बनाना है। अब युवा जॉब के पीछे नहीं भागेंगे, बल्कि युवाओं के पीछे जॉब भागेगी। एक-एक युवा आठ से 10 युवाओं को रोजगार देगा। अकेले बुंदेलखंड में 1000 नौजवानों



को युवा उद्यमियों को योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने यह बात मंगलवार को युवा योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में उद्यमियों को रोजगार शुरू करने के लिए पांच-पांच लाख के चेक वितरित करने के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने वीरांगना महालक्ष्मीबाई के शौर्य और वीर भूमि को में नमन करते हुए युवाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमी अभियान मतलब अपने युवाओं को उद्यमी बनाना है। अकेले बुंदेलखंड में 1,000 नौजवानों को युवा उद्यमियों को योजना का लाभ दिया गया है। पांच लाख का लोन ब्याज मुक्त,गारंटी मुक्त है। मार्केट की नब्ज को टटोलकर अपने अनुसार कार्य को ढूंढने की जरूरत है। महाकुंभ में भी युवाओं ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ा। आज तकनीकी का युग है। युवा एमएसएमई रजिस्ट्रेशन कराऐं। अगर कोई आपदा भी आती है तो एमएसएमई आपको पांच लाख का सुरक्षा कवर भी देगा।

## लैंड फॉर जॉब : लालू के बेटे तेज प्रताप व बेटी हेमा को जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में आरोपित और बिहार के मुख्यमंत्री लालू यादव के बेटे तेज प्रताप यादव और उनकी बेटी हेमा यादव को जमानत दे दी है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने दोनों को पचास-पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दिया है। कोर्ट ने इस मामले में 25 फरवरी को सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था और तेज प्रताप यादव व बेटी हेमा यादव को समन जारी किया था। समन जारी होने के बाद दोनों आज कोर्ट में पेश हुए थे। सीबीआई ने 7 जून



2024 को इस मामले में अंतिम चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें 78 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इन 78 आरोपितों में से रेलवे में नौकरी पाने वाले 38 उम्मीदवार भी शामिल हैं। ईडी ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में ईडी की ओर से अभी अभियोजन चलाने की अनुमति मिलना बाकी है।

हर खबर पर पैनी नज़र

नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार विधान परिषद के बाहर राजद का भारी हंगामा

**पटना**। बिहार विधान परिषद में राजद एमएलसी हाथों में पोस्टर लेकर सरकार का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष सदन के बाहर आरा के तनिष्क शोरूम में हुई 25 करोड़ की लूट को लेकर सरकार पर हमला बोला है। बिहार में बढ़ते अपराध और कल आरा में हुई 25 करोड़ की लूट को लेकर आज बिहार विधान परिषद के बाहर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। राबड़ी देवी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल (फखऊ) के विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। विपक्षी नेताओं ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर यही रामराज है, तो बिहार की जनता को ऐसा रामराज नहीं चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अपराध बेलगाम हो चुका है—दिनदहाड़े लूट, हत्या और डकैती जैसी घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सरकार सिर्फ दावे कर रही है। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और विधान परिषद सदस्य अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि बिहार में दिनदहाड़े 25-25 करोड़ की लूट हो रही है और सरकार रामराज की बात कर रही है। अगर यही रामराज है, तो इसका कोई मतलब नहीं। सरकार को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। राजद ने बिहार में क्राइम के बढ़ते ग्राफ को लेकर बड़ा हमला बोला है। बता दें कि, बीते दिन आरा में 25 करोड़ की लूट की घटना को अंजाम दिया था। 7 से 8 की संख्या में आए अपराधियों ने हथियार के बल पर 25 करोड़ के हीरे और सोने के जेवरात लूट लिए थे। इस घटना के बाद राजधानी पटना तक हड़कंप मच गया। शोरूम में हुई लूट को लेकर स्टोर मैनेजर ने बताया कि 25 करोड़ के गहने और रुपए की लूट हुई है। जिसमें हीरे के गहने भी शामिल हैं। इसके अलावा चूड़ियां, चेन की भी चोरी हुई है। स्टोर मैनेजर ने इस घटना के लिए प्रशासन को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि मार्निंग के समय में यह घटना हुई है। इसलिए यह भी नहीं कह सकते कि भीड़ भाड़ था। लेकिन इसके बाद भी पुलिस प्रशासन से समय पर मदद नहीं मिली।

### शैलेंद्र कुमार मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल 12 मार्च को

**पटना**। शैलेंद्र कुमार मेमोरियल अंडर-15 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्रैंड फाइनल मुकाबला 12 मार्च यानी बुधवार को खेला जायेगा। फाइनल में सुपर ओवर क्रिकेट एकेडमी और सरदार पटेल क्रिकेट एकेडमी की टीमें आमने-सामने होंगी।सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में कासा पिकोला रेस्टूरेंट द्वारा प्रायोजित इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सुपर ओवर क्रिकेट एकेडमी ने ट्रैम्फेंट क्रिकेट एकेडमी को 12 रन और सरदार पटेल क्रिकेट एकेडमी ने लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट को 45 रन से पराजित किया था। आयोजन सचिव नवीन कुमार ने बताया कि फाइनल मुकाबले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### स्पेटक्ट्रा सम्मान सामरोह में सम्मानित हुईं खेल हस्तियां

**पटना**। श्रीराम खेल मैदान, सुल्तानपुर मठ (दानापुर) के ग्राउंड पर मंगलवार यानी 11 मार्च, 2025 को आयोजित भव्य स्पेक्ट्रा सम्मान सामरोह सह होली मिलन समारोह में बिहार का नाम रौशन करने वाले खिलाड़ी, प्रशिक्षक, प्रेस प्रतिनिधि, समाजसेवी समेत अन्य को सम्मानित किया गया।सबों को हम पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार, हम पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरू सिंह, खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव नीरज कुमार पप्पू, डॉ सत्येंद्र नारायण मोहन पासवान, कर्नल विनय कुमार सिन्हा, पटना नगर निगम सशक्त समिति के सदस्य इंद्रदीप चंद्रवंशी, फीजियो डॉ कुंदन कुमार ने पुरस्कृत और सम्मानित किया।इस मौके पर अतिथियों ने लेकर खिलाड़ी समेत तमाम अतिथियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।सभी अतिथियों को सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के महासचिव नवीन कुमार ने शॉल, बुके और स्मृति चिह्न समर्पित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक मृत्युंजय झा ने किया। कार्यक्रम सरदार पटेल फाउंडेशन के संस्थापक सचिव संतोष तिवारी की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर सभी अतिथियों ने इस कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस सम्मान और पुरस्कार से सम्मानित व पुरस्कृत होने वाले गणमान्य व्यक्तियों को आगे बढ़ने के लिए ऊर्जा मिलेगी और आगे वे सभी बिहार का नाम और ऊंचाइयों पर पहुंचायेंगे।सम्मानित होने वाले दिग्गजों में खेल प्रोमोटर रौनित नारायण, विजय शर्मा, सुमित शर्मा, मोहित श्रीवास्तव, रिमझिम सिंह, पिच क्यूरेटर मंटू कुमार व शुभम पांडेय समेत की दिग्गज शामिल हैं। इस सम्मान समारोह में अपनी लेखनी से खेल को आगे बढ़ाने वाले खेल पत्रकार आशीष कुमार, धर्मनाथ, विकास पांडेय, राहुल सिंह, पुस्कर, आलोक नवीन और फोटोग्राफर जितेंद्र कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### नीतीश कुमार के नेतृत्व में रोजगार भी मिलेगा, बिहार भी बढ़ेगा : रंजीत

**पटना**। कांग्रेस को बिहार के पलायन की चिंता करने से पहले अपनी पार्टी में हो रहे तेजी से पलायन पर ध्यान देना चाहिए, उक्त बातें जनता दल यू के प्रदेश महासचिव रंजीत कुमार झा ने कन्हैया कुमार पर पलटवार करते हुए कहा।श्री झा ने कहा कि कन्हैया कुमार जैसे नेता पदयात्रा निकालने से पहले बिहार वासियों को यह बताएं कि जब बिहार और झारखंड का बंटवारा हुआ था, तब केंद्र में यूपीए की सरकार थी और बिहार में कांग्रेस के सहयोग से सरकार चल रही थी, उस समय कांग्रेस ने बिहार को विशेष पैकेज क्यों नहीं दिया? बिहार के विकास और रोजगार की नींव मजबूत करने की जिम्मेदारी क्यों नहीं निभाई ?जद यू महासचिव ने कहा कि बिहार को सिर्फ नारेबाजी नहीं, ठोस काम चाहिए और वह काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। नीतीश कुमार की सरकार ने रोजगार देने और पलायन रोकने के लिए बड़े फैसले लिए हैं।उन्होंने कहा कि कन्हैया कुमार को बिहारवासियों को यह भी बताना चाहिए कि नीतीश कुमार ने सरकारी नौकरियों में ऐतिहासिक स्तर पर बहाली कर युवाओं को नौकरी देने के लिए तेजी से भर्ती प्रक्रिया चलाई है और इसके साथ ही उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए उद्योगों को प्रोत्साहित कर राज्य में रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं।

### 30वाँ होली मिलन समारोह का कार्यक्रम साहू समाज भवन आयोजित



**पटना**। पटना के प्रांगण में बड़े धूमधाम और सांस्कृतिक कार्यक्रम के रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम का उद्घाटन सभा के अध्यक्ष श्री रणविजय साहू सह मोरवा विधायक ने दीप जलाकर किया।दीप प्रज्वलित करते समय पटना की मेयर श्रीमति सीता साहू,विधायक संजीव चौरसिया शिशिर कुमार,भीम कुमार, विपुल गाँधी,मुकेश नन्दन,नीतिन अभिषेक जैसे अनेकों समाज सेवी मौजूद थे।सांस्कृतिक कार्यक्रम में चार-चाँद लगा दिया गायक विजय सोनी और दो महिला गायक ने।सभी कलाकारों के साथ होली मिलन समारोह में आए हुए सभी होली प्रेमियों ने नाचते-झूमते और थिरकते हुए होली मिलन का आनंद लिया और साथ में स्वादिष्ट व्यंजनों का भी सेवन किया।इस होली मिलन समारोह में सैकड़ों की संख्या में पुरूष और महिला शामिल हुए जिसमें महिला ने महिला को एवं पुरूष ने पुरूष को गुलाल लगाकर शांति और शौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाए।

# लूट की घटना से ज्यादा खुश न हों तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

» सभी लुटेरे भी पकड़े जाएंगे और लूटी गयी ज्वेलरी भी बरामद होगी

» लालू शासनकाल में सीएम आवास से बरामद होती थी लूटी गयी कार

**पटना**। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के हैंडल से सोशल मीडिया 'एक्स' पर किये गये पोस्ट पर जोरदार पलटवार करते कहा कि लूट और हत्या जैसी आपराधिक घटनाओं से जहां आम आदमी के चेहरों पर दुख और विषाद होता है, वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के चेहरे पर खुशियों के भाव होते हैं। नेता प्रतिपक्ष को इसकी वजह बतानी चाहिए। यह बताना चाहिए कि लूट की घटनाओं से तेजस्वी यादव को खुशी क्यों होती है? श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार में कानून का राज है। कोई अपराधी बच नहीं पाएगा। आरा में हुए तनिष्क शोरूम लूटकांड में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार कर लिए गये हैं और अन्य अपराधी भी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस ने लूटी गयी ज्वेलरी से भरे दो बैग और लूटे गये राइफल बरामद कर ली है। तेजस्वी यादव लूटकांड पर ज्यादा नहीं इतराएं। श्री मिश्र ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी भी मंगलवार को विधान परिषद में कह चुके हैं कि सरकार ऐसे मामलों को गंभीरता से लेती है। कोई अपराधी बच नहीं पाएगा।मुख्यमंत्री खुद ऐसे मामलों पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करने का निर्देश देते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव को अपने माता-पिता के शासनकाल को देखना चाहिए, जब हर तरफ लूट और आतंक का माहौल था। तेजस्वी यादव बताएं कि उनकी बहन का शादी में शो रूम से कितनी कारें ली गयीं ? क्या वे कारें वापस की गयीं ? क्या तेजस्वी यादव को यह नहीं मालूम कि लालू के शासनकाल में चोरी की गयीं कारें सीएम हाऊस से बरामद होती थीं। तेजस्वी यादव अगर एक अंगुली एनडीए सरकार की शासन व्यवस्था पर उठाएं, तो नौ अंगुली लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासनकाल पर उठेगी।

# जिनके राज में सरकारी आदेश से ही शोरूम से उठाई जाती थी गाड़ियां वो अपराध पर ना दें ज्ञान : अंजुम

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। जदयू प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अंजुम आरा ने अपराध मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के ट्वीट की तीखी आलोचना की और ट्वीटर बबुआ कहा। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को अपराध जैसे विषय पर बोलने का नैतिक आधार बिल्कुल ही नहीं है। अपनी पुत्री के विवाह में लालू जी ने अनेकों कार शो रूम से जबरन उठवा लिया था, जिसके माता-पिता के शासनकाल में अपराध और अपराधियों को बचाने की डील मुख्यमंत्री आवास में हुआ करती थी वो आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार को अपराध के मामले में ज्ञान ना दें। बिहार में कानून का राज है बिना किसी हस्तक्षेप के कानून अपना काम करता है तथा जिन अपराधियों ने दुस्साहस किया है पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर चुकी है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि बिहार की जनता इस सच्चाई को बखूबी जानती है कि कैसे लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल में सैकड़ों जातीय नरसंहार हुए जिसमें सैंकड़ों निर्दोष लोगों की जान गई। लोगों को घरों से निकलना मुश्किल था और शाम होते ही बेटियां घरों में कैद हो जाया करती थीं। उन्होंने कहा कि उस दौरान अपराधियों के डर से उद्योगपतियों,शिक्षाविदों,किसानों, छात्रों ने बिहार से बड़े पैमाने पर पलायन किया और दूसरे राज्यों मे जाने को मजबूर हुए। वहीं आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार मे बेटियां बेखौफ घरों से बाहर निकल रही हैं उद्योगपति अपना व्यवसाय कर रहे हैं और किसान अपने खेतों में काम कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आंकड़े गवाह हैं कि किस तरह लालू-राबड़ी राज में बिहार में उस दौरान करीब 67 हजार लोगों की हत्याएं हुईं, 118 नरसंहार में 812 निर्दोष लोगों की जानें गई, फिरौती के लिए 5 हजार 243 लोगों के अपहरण हुए और करीब 12 हजार महिलाओं के साथ दुष्कर्म की दुखद घटनाएं हुई । उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासन काल में कुल मिलाकर 130 दंगे हुए और इन दंगों में 26 हजार लोगों की मौत हुई। साल 1989 में कांग्रेस शासन के दौरान भागलपुर में भीषण दंगे हुए, इस दंगे में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 1 हजार लोग मारे गए। लेकिन 15 साल के लालू- राबड़ी शासनकाल के दौरान पति- पत्नी की सरकार ने दंगा पीड़ितों के आंसुओं को पोंछने का कोई काम नहीं किया।

# प्रत्येक स्तर पर समन्वय बनाकर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काम करें : उमेश

नई सोच एक्सप्रेस

» चैम्बर सदस्यों ने एक दूसरे पर फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा कर दी होली की बधाई

**पटना**। बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में होली मिलन समारोह धूम-धाम से मनाया गया जिसमें एक दूसरे पर फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा कर होली की बधाई दी। चैम्बर अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने कहा है कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा एवं एकता का प्रतीक है । होली हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने की प्रेरणा प्रदान करती है । इसी को ध्यान में रखते हुए बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से होली के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन कर आपसी मेल-जोल को और प्रगाढ़ किया जाता है। चैम्बर अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि चूंकि रंग एवं अबीर में कई प्रकार के रसायनों का प्रयोग होने लगा है, जो शरीर की त्वचा को तो नुकसान करता ही है साथ ही साथ पर्यावरण को भी प्रदूषित करता है और इससे जल की भी बवार्दी होती है । इसी को ध्यान में रखते हुए चैम्बर ने पर्यावरण अनुकूल गुलाल, रंग-अबीर रहित फूलों की होली का आयोजन किया है । उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आगन्तुकों के लिए होली के पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ उनके मनोरंजन हेतु साईं म्यूजिकल ग्रुपके कलाकारों ने होली के पारंपरिक गीतों एवं नृत्यों से सभी श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। पटवारी ने कहा कि चैम्बर द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में चैम्बर परिवार के सदस्यों के साथ-साथ राज्य के सभी तबके के गणमान्य महानुभाव सपरिवार इस समारोह में सम्मिलित होकर एक दूसरे पर फूल की वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दी क इस समारोह में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, माननीय विधायक संजीव चौरसिया एवं अरुण कुमार सिन्हा, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, भारत सरकार के पूर्व मंत्री राम कृपाल यादव, महापौर सीता साहू, उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी के साथ-साथ भारत सरकार एवं बिहार सरकार के वरीय अधिकारीगण, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, बैंक के अधिकारीगण, अधिवक्ता एवं न्यायिक सेवा के अधिकारी पधारकर चैम्बर परिवार का उत्साहवर्द्धन किया ।समारोह में चैम्बर के उपाध्यक्ष आशीष शंकर एवं प्रदीप चौरसिया, महामंत्री पशुपति नाथ पाण्डेय, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, पूर्व अध्यक्ष पी० के० अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष एनङ्क केङ्क ठाकुर, कार्यक्रम के चेयरमैन मुकेश कुमार जैन,को-चेयरमैन अजय गुप्ता एवं पवन भगत,पूर्व कोषाध्यक्ष विशाल टेकरीवाल, गणेश कुमार खेतडीवाल, सुनील सराफ, शशि गोयल, राकेश कुमार, आशीष प्रसाद, राजेश जैन, राजेश माखारिया, रमेश गाँधी, अशोक कुमार के साथ-साथ बड़ी संख्या में उद्यमी एवं व्यसायी सपरिवार समारोह में सम्मिलित हुए।

# अपनी उत्कृष्ट कार्यकुशलता की बदौलत आगे बढ़ रही उर्जा विभाग की बिजली कंपनिया : बिजेंद्र

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। भारत सरकार के उपक्रम पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा राज्य विद्युत संस्थाओं की वर्गीकरण प्रक्रिया के अंतर्गत बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीटीसीएल) को वर्गीकरण में अ+ की शीर्ष रैंकिंग मिला है । बीएसपीटीसीएल अपनी उत्कृष्ट कार्यक्षमता का प्रदर्शन करते हुए वित्तीय सुदृढ़ता, ससमय परियोजनाओं का कार्यान्वयन, सक्षम परिचालन एवं अनुरक्षण के मापदंड पर शानदार काम कर रही है।इस शानदार उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ऊर्जा मंत्री बजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में विद्युत अवसंरचना के विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य हो रहा है। पावर ट्रांसमिशन की जिम्मेदारी बीएसपीटीसीएल कुशलतापूर्वक निभा रही है। यह गर्व की बात है कि बीएसपीटीसीएल अपने कार्य की बदौलत पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किए गए राज्य विद्युत संस्थाओं के वर्गीकरण में ए+ की शीर्ष रैंकिंग मिला है । इसके लिए बीएसपीटीसीएल में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को मैं बधाई देता हूं। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि एक समय था जब बिहार में लोग बिजली के लिए तरसते थे, मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में बिहार के किसी भी कोने में हर घर तक न केवल बिजली पहुंच चुकी है, बल्कि 24*7 उपलब्ध भी रहती है। सुदूर बिहार में लोगों के घरों तक बिजली उपलब्ध कराने में बीएसपीटीसीएल की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपनी कार्यकुशलता की वजह से ही बीएसपीटीसीएल आज इस मुकाम पर पहुंचा है।

# यूएनओ भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की साइकिल योजना का हुआ कायल, अफ्रीकी देश में होगा लागू : हिमराज राम

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सरकार का शिक्षा का मॉडल अनूठा है। उन्होंने कहा कि आज इसी का परिणाम है कि उनकी सरकार की साइकिल योजना से प्रभावित होकर अफ्रीका के दो देश जांबिया और माली इसे अपने देश में लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सरकार की इस योजना को अफ्रीकी के दो देशों द्वारा लागू करना गर्व की बात है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सरकार की साइकिल योजना का अध्ययन करने लिए अमेरिकी प्रोफेसर बिहार आए थे जहां उन्होंने मुख्यमंत्री श्री नीतीश सरकार की साइकिल योजना को देखा और उसका गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया। इस अध्ययन के दौरान अमेरिकी शिक्षाविदों ने पाया कि खासकर छात्राओं की स्कूली शिक्षा में बढ़ोतरी के लिए बिहार सरकार की साइकिल योजना बेहद कारगर है। उन्होंने देखा कि कैसे इस योजना ने बिहार में शिक्षा व्यवस्था का परिदृश्य बदल दिया। बड़ी संख्या में लड़कियां सरकारी विद्यालयों तक पहुंची। विद्यालयों में उनकी संख्या लड़कों के बराबर पहुंच गयी।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की साइकिल योजना का गहन अध्ययन कर अमेरिकी प्रोफेसर ने अपनी रिपोर्ट यूएनओ को सौंपी। यूएनओ के विशेषज्ञों ने इसे सकारात्मक तौर पर लेते हुए अफ्रीकी देशों के लिए बेहद उपयोगी माना साथ ही जांबिया और माली को रिपोर्ट भेज उन देशों को अपने यहां लागू करने की बात कही। अब इन देशों के विशेषज्ञों ने इसका कार्यान्वयन करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की पहल पर साल 2007 में 9वीं में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए साइकिल योजना की शुरूआत की जिसे बाद में लड़कों के लिए भी लागू करने का फैसला लिया गया।

# मुकेश निषाद ने मीनापुर में टूटे-फूटे शहीद जुब्बा सहनी के स्मारक का कराया जीर्णोद्धार

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। मंगलवार को मीनापुर के धारपुर में जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य के बाद शहीद जुब्बा सहनी स्मारक का विकासशील स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश निषाद ने उद्घाटन किया। इसके अलावा कुश्ती मैदान का भी लोकार्पण किया गया। इस मौके पर राष्ट्रवादी विचार मंच के संरक्षक प्रभात मिश्रा ने कहा कि जुब्बा सहनी ने अपने नाम से बढ़ कर काम किया है समाज और देश के लिए,महज अड़तीस साल की उम्र में भागलपुर के जेल उन्हें फांसी दे दी गई वो भी उनके अदम्य साहस के कारण उन्होंने देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में जो अमूल्य योगदान दिया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है और समाज को उसे आत्मसात करने की जरूरत है।इस मौके पर कुश्ती मैदान में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई राज्यों से आये पहलवानों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को मुकेश निषाद ने प्रतियोगिता के समापन के बाद पुरस्कृत भी किया। मौके पर विकासशील स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश निषाद ने कहा कि सबसे पहले मैं स्मारक जीर्णोद्धार और कुश्ती मैदान के निर्माण के लिए हमारे पार्टी के नेता उमेश सहनी जी को जमीन दी, उसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर और राज्य के कई निषाद नेता हैं, सभी ने जुब्बा सहनी के नाम पर राजनीति करते हैं लेकिन किसी ने स्मारक को जीर्णोद्धार कराये जाने की सुध नहीं ली। चाहे सांसद रहे कैप्टन जय नारायण निषाद हो या उनके पुत्र अजय निषाद, अनिल सहनी, पूर्व मंत्री मुकेश सहनी समेत किसी मल्लाह नेता ने उनकी सुध नहीं ली, सिर्फ उनका नाम पर वोट लिया और सत्ता का सुख भोगा। वर्तमान में केंद्रीय मंत्री राजभूषण निषाद चौधरी उनके लिए कुछ नहीं किया। मौके पर विकासशील स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष यादव उर्फ चौथी यादव,प्रदेश अध्यक्ष मनोज रविदास, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष राजेश रमैया,सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ अजय कुमार, जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार, प्रवक्ता,अमित विक्रम ने भी सभा को संबोधित किया और हजारों लोग उपस्थित रहे।

# सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में आचार्य डॉ. राहुल परमार को टिकट देने की जनमांग

नई सोच एक्सप्रेस



**सोनपुर**। सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों राजनीतिक चर्चाओं का केंद्र आचार्य डॉ. राहुल परमार बने हुए हैं। एनडीए के प्रति जनता के विश्वास और समर्थन को देखते हुए क्षेत्र के नागरिकों की बड़ी संख्या आचार्य डॉ. राहुल परमार को इस बार टिकट दिए जाने की मांग कर रही है।जनता की राय:रामेश्वर प्रसाद (व्यापारी, सोनपुर) – "डॉ. राहुल परमार एक शिक्षित और ईमानदार व्यक्तित्व हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा को देखते हुए हमें लगता है कि वे हमारी समस्याओं को सही मंच तक पहुंचा सकते हैं।"सुनीता देवी (गृहिणी, मलखा चक) – "हम चाहते हैं कि इस बार एनडीए की ओर से डॉ. राहुल परमार को मौका दिया जाए। वे हमारे क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे हैं और जनता के बीच अच्छी छवि रखते हैं।"अमित कुमार (युवा नेता, सोनपुर) – "युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा और विकास की बात करने वाले नेता की जरूरत है। डॉ. राहुल परमार इस कसौटी पर खरे उतरते हैं। हमें उम्मीद है कि एनडीए नेतृत्व उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उचित निर्णय लेगा।"शिवशंकर यादव (किसान, नयागांव) – "डॉ. राहुल परमार हमारे बीच के व्यक्ति हैं और हमारी परेशानियों को समझते हैं। यदि उन्हें टिकट मिलता है, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए लाभदायक होगा।"सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में जनता का यही मानना है कि इस बार एनडीए को आचार्य डॉ. राहुल परमार को अवसर देना चाहिए। उनके प्रति लोगों में विश्वास बढ़ रहा है और वे पार्टी के लिए एक मजबूत उम्मीदवार साबित हो सकते हैं।

# आधुनिक बिहार के निर्माता थे श्री बाबू : मनोज सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस

» दिग्गज हस्तियों को बिहार केसरी सम्मान समारोह में उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया सम्मानित

**पटना**। आधुनिक बिहार के निमार्ता, नदी विकास की परियोजना, एशिया का सबसे बड़ा उर्वरक कारखाना, नेतरहाट के निमार्ता श्री बाबू के कारण बिहार तब देश के विकसित राज्य में गिना जाता था। देश का सबसे प्रबल राज्य बनाने और बड़ी आबादी को शक्तिशाली बनाने का श्रेय श्री बाबू को जाता है। प्रथम मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह आधुनिक बिहार के निमार्ता थे.उक्त उद्गार बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा श्रीकृष्ण सिंह की स्मृति में बिहार के प्रमुख हस्तियों को आज जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सम्मानित करने के मौके पर कहा। उन्होंने कहा कि श्री बाबू ने सभी जाती और धर्म के लोगों के विकास के लिए काम किया.ग्रामीण बिहार को सपने को पूरा करने के लिए श्री बाबू ने अपने कार्यकाल में सुशासन की स्थापना की थी। बिहार इंटेलेक्चुअल फोरम के डा निशिकांत कुमार और डा निम्मी रानी और मेडिवर्सल फांउडेशन के नवनीत रंजन की ओर से आयोजित बिहार केसरी सम्मान से पद्मभूषण स्वामी निरंजनानंद सरस्वती बिहार स्कूल आफ योग,पद्मश्री आनंद कुमार, पद्मश्री डा हेमंत कुमार पीएमसीएच, सामाजिक उद्यमी सायन कुणाल, डा मनीषा सिंह मेडिकल डायरेक्टर महावीर कैंसर संस्थान, आनंद मिश्रा पूर्व आईपीएस ,प्रो दिनेशचंद्र राय वी सी बी आर ए बिहार यूनिवर्सिटी, प्रो फैजान मुस्तफा भारतीय अकादमिक और कानूनी ज्ञाता,ज्ञानेश्वर सामाजिक प्रभावक,प्रो विभूति प्रसन्न सिन्हा आईजीआईएमएस, डा विकास सिंह कार्डियोलाजिस्ट ,उद्योगपति उमेश शर्मा किसान सुधांशु कुमार,को सम्मानित किया गया। सभा को नगर विकास, मंत्री जीवेश मिश्रा ,ग्रामीण कार्य विकास मंत्री अशोक चौधरी,इस मौके पर आई एम ए के पूर्व अध्यक्ष सहजानंद सिंह, सुनील अग्रवाल, डा नलिनी रंजन सिंह, विधायक राजकुमार सिंह, विधायक कुंदन कुमार,एम एल सी तरुण चौधरी, देवेश कुमार, उद्योगपति भोला सिंह, भी उपस्थित थे।

# प्रत्येक स्तर पर समन्वय बनाकर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काम करें : उमेश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। मंगलवार को जनता दलयू के सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्षों एवं प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कार्यालय, पटना में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने एवं आपसी समन्वय स्थापित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। उक्त मौके पर मुख्य रूप से विधान परिषद् में उप नेता सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद श्री चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, प्रकोष्ठों के प्रभारी प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी, अनिल कुमार एवं परमहंस कुमार मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश सरकार जनहित के दिशा में निरंतर कार्य कर रही है, और हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रत्येक स्तर पर समन्वय बनाकर पार्टी की नीतियों और सरकार की तमाम उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हर तरह की चुनौतियों को परास्त करने में टीम वर्क की सबसे अहम भूमिका होती है इसलिए सभी प्रकोष्ठों के साथीगण को पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत बनाने की दिशा में काम करना है ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में 225 से अधिक सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित हो सके। विधान परिषद् में माननीय उपनेता सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारा बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई हैं। नीतीश सरकार सुशासन की नीति के तहत समाज के हर वर्ग तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। केंद्र और राज्य में डबल इंजन की एनडीए सरकार होने से बिहार के विकास को दोगुनी गति मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभु आहार एवं आधार फाउंडेशन ने होली के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटी



**पटना।** होली, रंगों और खुशियों का त्योहार, समाज के हर वर्ग के लिए विशेष होता है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, प्रभु आहार ने इस वर्ष भी जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटने का संकल्प लिया। मौके पर महासचिव मुकेश जैन ने कहा कि संस्था ने होली के शुभ अवसर पर जरूरतमंद लोगों को रंग, अबीर, मिठाइयां, टी-शर्ट और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित कीं। यह आयोजन विशेष रूप से उन लोगों के लिए था, जो आर्थिक तंगी के कारण त्योहार की खुशियों से वंचित रह जाते हैं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा,"होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और सहयोग का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग के साथ इस खुशी को साझा करना है, ताकि कोई भी इस उत्सव से वंचित न रहे।" आधार के अध्यक्ष एम पी जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में काफी अधिक संख्या में जरूरतमंदों को लाभान्वित किया गया। संस्था के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर इसे सफल बनाया। प्रभु आहार लंबे समय से जरूरतमंदों की सहायता में सक्रिय है और समाजसेवा के कार्यों में अग्रसर है। संस्था आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करती रहेगी। आज इस कार्यक्रम में राकेश कुमार,मुकेश जैन,मुकेश नंदन ,डॉ गीता जैन ,एम•पी जैन, संजय राय, धर्मराज केशरी, प्रेम कुमार ,रविंद्र कुमार ,आदित्य राज एवम अन्य लोग मौजूद थे ।

### उच्च जोखिम प्रसव के लिए समय पर प्रसव पूर्व जांच जरुरीः डॉ मीना सावंत

**पटना।** गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम प्रसव (एचआरपी) वाली महिलाओं की पहचान काफी जरूरी है। गर्भावस्था के दौरान यह ऐसा कारक है जिससे मां एवं पेट में पल रहे बच्चे दोनों को खतरा होता है। इससे बचने का उपाय है कि समय पर प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) हो। ये बातें कुर्जी फैमिली हॉस्पिटल एवं प्रख्यात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ मीना सावंत ने कही। उन्होंने कहा कि सामान्यतया किसी भी गर्भवती की 4 प्रसव पूर्व जांच जरुरी है। हांलाकि डब्ल्यूएचओ अधिक से अधिक 8 बार एएनसी की सलाह देती है। किसी भी गर्भवती महिला के एचआरपी में है कि नहीं इसके लिए उसकी मेडिकल हिस्ट्री,बीपी,वेट,उम्र,प्लेसेंटा प्रीविया जैसी महत्वपूर्ण चीजें देखी जाती है। बिना रिस्क फैक्टर को पहचाने एचआरपी की पहचान नहीं की जा सकती। अगर कोई गर्भवती एचआरपी में है तो 11वें से 12 वें हफ्तों में अल्ट्रासोनिक जांच भी जरूरी है। इसके अलावा एचआरपी में बेहतर प्रसव प्रबंधन की भी आवश्यकता होती है। जिसमें आइसीयू,मेजर ओटी रूम और जीवन रक्षक उपकरण व नवजातों के विशेष वार्ड उपयोगी साबित होते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, बिहार में 15-49 आयु वर्ग की गर्भवती महिलाओं में से लगभग 17% महिलाएं हाई रिस्क प्रेगनेंसी का सामना करती हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में हर साल लगभग 2.5 लाख महिलाएं गर्भधारण करती हैं, जिनमें से लगभग 20% महिलाएं हाई रिस्क प्रेगनेंसी का सामना करती हैं। यह आंकड़ा बताता है कि राज्य में लगभग 50,000 महिलाएं हर साल गर्भावस्था के दौरान उच्च जोखिम में रहती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार से हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों में कमी लाई जा सकती है। जहानाबाद जिले के कतपुरा गांव की अंशु ने हाल में ही प्रसव कराया है। अंशु बताती है गर्भावस्था के शुरूआत से मैंने एएनसी जैसी चीजों पर ध्यान नहीं दिया। इससे मेरा प्रसव जटिल हो चुका था। प्रसव के समय आशा की सतर्कता और पीएचसी में प्रसव प्रबंधन से मेरा प्रसव सरल हो पाया। हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों को कम करने के लिए राज्य में विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है, जिनमें जननी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना प्रमुख हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत, गर्भवती महिलाओं को वित्तीय सहायता और नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जाती है। सभी जिलों में एचआरपी की लाइन लिस्ट भी तैयार की जा रही है। हाई रिस्क प्रेगनेंसी को कम करने के लिए सभी स्तरों पर गंभीर प्रयास की आवश्यकता है, जिसमें सरकार, स्वास्थ्य कर्मी, और समुदाय का सहयोग अहम है। गर्भवती महिलाओं को समय पर और उचित चिकित्सा सहायता मिल सके, इसके लिए जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की जरूरत है।

### होली पर्व को लेकर खगौल थाना में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**खगौल।** खगौल थाना प्रांगण में होली पर्व को लेकर थानाध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर थानाध्यक्ष ने लोगों से होली का त्योहार शांति पूर्वक व हर्षोल्लास के साथ मनाने का आग्रह किया। पर्व पर हुड़दंग मचाने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कहीं। उन्होने कहा कि शराब को लेकर सतर्क रहना है। ब्रेथ लाइनर मशीन के साथ जगह जगह सड़क पर चेकिंग लगाने का आदेश है। ऐसा ना हो कि इस त्योहार में हमें अपनी कार्रवाई का मौका मिले। जनता के बीच प्रेम का संदेश देना है छोटी छोटी घटनाओं को नजर अंदाज न करे। पुलिस को तुरंत सूचित करें। खगौल की जनता स्थानीय थाना का सहयोग करे तो शांति व्यवस्था बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने होली पर्व को लेकर आपसी भाईचारे के साथ उत्साह पूर्वक त्योहार मनाने की पेशकश की। उन्होने होलिका दहन मुख्य सड़क के बीच नहीं करने व बिजली के तार को लेकर बिजलीकर्मीयों को सचेत रहने की बात कही। वहीं बैठक के बाद खगौल थाना अध्यक्ष सुनील कुमार की ओर से थाना परिसर में होली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर सुभाष कुमार,अरविंद कुमार,दुर्गा श्री सिन्हा,ठाकुर राजेश्वर सिंह, गितेंद्र उपाध्याय, सुनील कुमार,ईश्वर मांझी, नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार ,अजय कुमार, सेवानिवृत्त अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वकील राम, सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर के के झा,सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स, वार्ड पार्षद महेंद्र कुमार सिंह, पूर्व पार्षद रितेश कुमार बिट्टू, गुप्ता जी, सन्नी कुमार, विश्वामित्र उपाध्याय,संगीता सिन्हा, अशोक कुमार शर्मा, उमा गुप्ता, गौतम कुमार,राज कुमार लोथा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# "तुं श्याम श्याम मुख बोल – ये वक्त बड़ा अनमोल"

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** श्याम फागुन महोत्सव के चौथे दिन रात्रि जागरण हुआ था। आज श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया था। श्री श्याम बाबा की मनोहारी छटा भक्तों आनंदित कर रही थी। श्याम बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गयी. यह रात्रि जागरण श्याम मंडल पटना के सौजन्य से किया गया। भक्तों ने पूरी रात्रि श्याम बाबा का गुणगान भजनों के द्वारा किया . भक्तगण गा रहे थे

1. तू झूली भर दे भक्तों की रंग गुलाल से
होली खेलेंगे आज गिरिधर गोपाल से

2.भक्तों के घर भी सांवरे आते रहा करो
दर्शन को नैण बावरे दर्शन दिया करो



3. म्हारा खाटू वाला नाथ – जोड़ा थारे आगे हाथ

पूरी रात भक्तजन श्याम बाबा का गुणगान करते रहे तथा सुबह पांच बजे जागरण समाप्त हुआ . श्याम फागुन महोत्सव के चौथे दिन श्री श्याम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गयी। . हवन किया गया एवं श्याम बाबा को भेंट चढ़ाई गयी . श्याम बाबा को छप्पन भोग लगाया गया . दोपहर में श्री श्याम के चरणो में सवामनी प्रसाद समर्पित कर भक्तगण अपने को धन्य मान रहे थे। आज खीर ,पूरी एवं चूरमा विशेष भोग लगाया गया। मंदिर में आने वाले सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया की आज श्री श्याम फागुन महोत्सव पूजा , श्रृंगार एवं भंडारा के साथ संपन्न हुआ। होली मिलन समारोह शक्तिधाम में शुक्रवार 14 मार्च को संध्या 5 बजे से मनाया जाएगा। मौके पर अमर अग्रवाल , पी के अग्रवाल , रमेश कुमार मोदी , ओम पोद्दार, अक्षय अग्रवाल , संतोष अग्रवाल, सांवलमल ड्रोलिया, शंकर शर्मा , नरेन्द्र शर्मा, ललन लाठ, मनोज अग्रवाल,, विवेक शर्मा आदि उपस्थित थे।

# युवा इंटरफेस बैठक में राज्य स्तरीय युवा मंच की मांग

नई सोच एक्सप्रेस

» 58 प्रतिशत की युवा आबादी बिहार के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर : मंत्री संतोष कुमार सुमन

**पटना।** बाल रक्षा भारत द्वारा ' कोई भी युवा पीछे न छूटे ' विषय पर आयोजित युवा इंटरफेस बैठक में राज्य स्तरीय युवा मंच की मांग को जोरदार समर्थन मिला। लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने इस मांग से सहमति व्यक्त करते हुए इस दिशा में प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं। बिहार की कुल जनसंख्या में 58 प्रतिशत युवा आबादी है, जो राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने युवा नेतृत्व को आजीविका से संबंधित कार्यक्रमों से जुड़ने और नीतिगत कठिनाइयों को सरकार तक पहुँचाने की अपील की ताकि आवश्यक सुधार किए जा सकें। विधायक ज्योति मांझी ने भी युवाओं से अपनी समस्याओं को अपने पंचायत / वार्ड प्रतिनिधि या विधायक के साथ साझा करने का आग्रह किया, जिससे समाधान निकाला जा सके। बाल रक्षा भारत के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार मिश्रा ने कहा कि बिहार की 58 प्रतिशत जनसंख्या युवाओं की है, इसलिए



नेतृत्व भी उनके हाथों में होना चाहिए। उन्होंने युवा नेताओं के लिए मार्गदर्शन और मॉनिटरिंग की आवश्यकता पर बल दिया। इग्नू, पटना के प्रोफेसर विवेक कुमार सिन्हा ने राज्य के हर प्रखंड में कौशल केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया ताकि दूर-दराज के इलाकों के युवाओं को भी अवसर मिल सके। यूएनएफपीए के प्रतिनिधि अब्दुल जब्बार ने युवाओं से अपनी चुनौतियों को पहचानने और उन पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। यूनिसेफ की बाल संरक्षण अधिकारी गार्गी शाह ने कहा कि खेती युवाओं के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत हो सकता है और इसे एक बेहतर रोजगार विकल्प के रूप में अपनाया जा सकता है। उन्होंने खेती के प्रति मानसिकता बदलने पर जोर दिया। सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज के कमलेश कुमार ने कहा कि लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए लड़कों के साथ मिलकर काम करना जरूरी है। एक्शन एड की शरद कुमारी ने कहा कि सरकार युवाओं की आजीविका को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन कई युवाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने युवाओं से अनुरोध किया कि वे इन कठिनाइयों की पहचान कर नीति निर्माताओं को सूचित करें ताकि अन्य युवा इनका लाभ प्राप्त कर सकें। इस बैठक में राज्य स्तरीय युवा मंच की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया गया ताकि युवाओं से संबंधित मुद्दों को प्रभावी रूप से हल किया जा सके और बिहार के समग्र विकास में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। चर्चा में युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आवश्यक कौशल एवं अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन ने चलाया सघन युवा सम्पर्क अभियान

नई सोच एक्सप्रेस

» युवा संसद में भाग लेने की अंतिम तिथि 16 मार्च

**पटना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 (VBYP-25) के शुभारंभ की घोषणा की गयी है। यह पहल विकसित भारत @ 2047 विज़न के अनुरूप है, जिसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रस्तुत किया था, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं को नीति- निर्माण और नेतृत्व की ओर प्रेरित करना है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जाने विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 के तहत भारत के चयनित 301 नोडल जिला में पटना जिला भी नोडल जिला के रूप में चयन किया गया है। बिहार में 14 नोडल जिला चयनित हैं जिसमें पटना नोडल जिला में जिला पटना के साथ सम्बद्ध जिला नालंदा एवं अरवल हैं, जहां के युवाओं की भागीदारी होगी। यह आयोजन युवाओं को राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार रखने, नीति निर्माताओं के साथ संवाद करने और देश के विकास में योगदान देने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम तीन चरणों (जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर) में आयोजित किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में संसद भवन में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहां वे नीति निर्माताओं और राष्ट्रीय नेताओं के साथ संवाद कर सकेंगे।

**महत्वपूर्ण तिथियाँः**

•27 फरवरी से 9 मार्च 2025ः माई भारत पोर्टल (mybharat.gov.in) पर पंजीकरण कर 1 मिनट का विडियो अपलोड करना।

•10 मार्च से 17 मार्च 2025ः



जिला स्तरीय कार्यक्रम

•17 मार्च से 24 मार्च 2025ः राज्य स्तरीय कार्यक्रम

•28 मार्च से 30 मार्च 2025ः राष्ट्रीय स्तर का आयोजन (नई दिल्ली)

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएँः**

**पंजीकरण तिथिः** 27 फरवरी से 16 मार्च 2025

**आयु सीमाः** 18 से 25 वर्ष (24 फरवरी 2025 को)

**पंजीकरण प्रक्रियाः** कैसे करें आवेदन?

इच्छुक युवा माई भारत पोर्टल (mybharat.gov.in) पर आवेदन करें। पंजीकरण के लिए "आपके लिए विकसित भारत का क्या अर्थ है?"/ "What does Viksit Bharat mean to you?" विषय पर 1 मिनट का विडियो अपलोड करना अनिवार्य है। जिला स्तरीय कार्यक्रमः अपलोड की गयी विडियो की स्क्रीनिंग के पश्चात चयनित अधिकतम 150 युवाओं को पटना में मौलाना मज़हरुल हक़ अरबी व फ़ारसी विश्वविद्यालय में आयोजित विकसित भारत युवा संसद में प्रतिभागियों को "वन नेशन वन इलेक्शनः विकसित भारत के मार्ग की ओर"/ "One Nation One Election: Paving the way for Viksit Bharat" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए आयोजक विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ निखिल आनंद गिरी से 9717600960 पर संपर्क किया जा सकता है।

**प्रतिभागी चयन प्रक्रियाः**

- प्रतिभागियों को माई भारत पोर्टल (mybharat.gov.in) पर पंजीकरण करना होगा और 1 मिनट का विडियो अपलोड करना होगा।

विडियो स्क्रीनिंग के बाद चयनित प्रतिभागियों चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

जिला स्तर पर शीर्ष 10 प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिया चुना जाएगा।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयनित प्रतिभागियों को विधान सभा में विचार व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा। मौके पर कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट एंड साइंस के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो स्मिता , प्रो संतोष कुमार, गौरव कुमार,रौशन कुमार , प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी मौजूद रहे ।

# होली मिलन पर बिहार विभूति अवार्ड

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार स्वास्थ्य शिक्षा परिषद एवं आदर्श इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 29वी बिहार विभूति अवार्ड और रंगारंग सांस्कृतिक समारोह किया गया इसके उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार विशिष्ट अतिथि संस्कृत बोर्ड के परमानंद और समारोह की अध्यक्षता विश्व मोहन चौधरी संत वरिष्ठ पत्रकार ने किया निर्देशक आदर्श इंटरनेशनल स्कूल के मनोज कुमार ने स्वागत भाषण दिया और अपने उन्होंने कहा कि हमारा स्कूल लोगों के बीच में जनमानस में छा गया है और साथी होली का संदेश भी दिया। अतिथियों के हाथों दो सम्मान कुमार शैलेंद्र शिखर सम्मान




रविंद्र बिहारी राजू और रश्मि मिश्रा उर्फ सोनी मैथिली रंगमंच को दिया गया साथ ही बिहार विभूतिअवार्ड से जो नौ सम्मानित हुए जिसमें नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजीव कुमार सुमन, रंगकर्म में सैयद रिजवानुउल्लाह, सिविल सर्विसेस शिक्षा में गुलशन सिंह राठौड़, कला में संजय राय, आदर्श स्कूल संचालन में मनोज कुमार, समाज सेवा में चंदन सिंह ,फिल्म निर्देशन में कृष्ण जी शर्मा,फिल्म अभिनेत्री अंशिका सिंह और अभिनेता आदित्य सिंह को प्रतीक चिन्ह,सम्मान पत्र और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में छात्र-छात्राओं ने होली पर एक से एक नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें होली ब्रिज में, नंदलाल खेले होली, बलम पिचकारी ,जहां जाए राधा वही जाए मुरारी और होली पर मिक्स नृत्य जो काफी अच्छा रहा। भाग लेने वाले कलाकारो में थे आयुषी, अमीषा, अंकित, कोमल, वैष्णवी,तान्या, पूजा, रागनी, सृष्टि, प्रिया,इशा, नंदिनी, खुशी,सिमरन, आभा, सोनाली, रिया मौसम,स्वामी,वर्षा और अंशु यदि प्रमुख थी। निर्देशक कुमारी मीणा ने सभी छात्राओं को रंग आवीर गुलाल लगाकर होली के ठुमके लगाए साथ ही फिल्म अभिनेत्री अंशिका के गानों पर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन रवि रंजन ने किया।

# के टी एम शोरूम का उदघाटन आरके पुरम सगुना मोड़ में हुआ

नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर, पटना।** मगध ऑटो एजेंसी द्वारा केटीएम स्पोर्ट्स बाइक का सगुना खगोल रोड के आर के पुरम में पटना वेस्ट का शुभारंभ हुआ सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री बिहार सरकार सुमित कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिस मौके पर मंत्री सुमित कुमार सिंह के द्वारा अपने संबोधन में बताया कि इस समय नेक्स्ट जेनरेशन की मांग स्पोर्ट्स सेगमेंट में युवाओं को काफी आकर्षित करती हैं साथ ही युवाओं को भी नसीहत देते हुए बताया कि बाइक को आराम से और अच्छी क्वालिटी का हेलमेट पहन कर चलाए या राइड करे उक्त अवसर पर रीजनल मैनेजर विनय बोहरा, एरिया मैनेजर रागीव जहूर ने भी अपनी बातें रखते हुए



के टी एम बाइक के फीचर्स को बताया। बजाज ओटो क्रेडिट के रीजनल मैनेजर आदित्य कुमार ने आसान और सबसे सस्ता फाइनेंस स्कीम की जानकारी दिए। मगध ऑटो एजेंसी के डायरेक्टर संजय कुमार एवं घुंघरू भार्गव ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया, जिस अवसर पर कई गण्यमान्य की उपस्थिति जैसे पूर्व विधायक जमुई अजय प्रताप, पूर्व जज राजेंद्र प्रसाद सिंह, टी पी सिंह,अजय कुमार, महाप्रबंधक शौनक , धनंजय कुमार की उपस्थिति रही ।

# होलिका दहनः प्रह्लाद और होलिका की कथा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** होली बुराई पर अच्छाई की, दुष्प्रवृत्ति एवं अमंगल विचारों का नाश की, अनिष्ट शक्तियों को नष्ट कर ईश्वरीय चैतन्य प्राप्त करने का और सद्प्रवृत्ति मार्ग दिखाने वाला उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मनुष्य के व्यक्तित्व, नैसर्गिक, मानसिक और आध्यात्मिक कारणों से भी होली का संबंध माना गया है । आध्यात्मिक साधना में अग्रसर होने हेतु बल प्राप्त करने से भी इसे जोड़ा गया है । वसंत ऋतु के आगमन और अग्नि देवता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के रूप में भी मनाया जाता है। होली फाल्गुनी पूर्णिमा के दिन, और कहीं-कही फाल्गुनी पूर्णिमा से पंचमी तक पांच-छः दिनों तक, कहीं दो दिन, तो कहीं पांचों दिन तक मनाया जाता है। होली अग्नि देव की उपासना का भी एक अंग है । होली के दिन अग्नि देव का तत्त्व 2 प्रतिशत कार्यरत रहता है। इस दिन अग्निदेव की पूजा करने से व्यक्ति को तेजतत्त्व का लाभ मिलता है, जिससे व्यक्ति में से रज-तम की मात्रा घटती है। होली के दिन अग्नि देव की पूजा कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है । होली त्रेता युग के प्रथम यज्ञ के स्मरण में मनाई जाती है। इसके



संदर्भ में शास्त्रों एवं पुराणों में अनेक कथाएं प्रचलित हैं । भविष्य पुराण में कहा गया है कि प्राचीन काल में ढुंढा अथवा ढौंढा नामक राक्षसी एक गांव में घुसकर बालकों को कष्ट कर देती थी। उसे गांव से निकालने के लिए लोगों ने बहुत प्रयास किया, लेकिन सफल नही हो सका। अंत में लोगों ने अपशब्द बोलकर, श्राप देकर तथा अग्नि जलाकर उसे डराकर भगाया। एक अन्य कथाओं में कहा गया है कि हरणक्यशिपु नामक एक दुष्ट राजा था, उसका पुत्र प्रह्लाद था, जो बचपन से ही श्रीहरि (विष्णु) भक्त था, राजा ने उससे भक्ति भाव छोड़ने के लिए बहुत प्रयत्न किया लेकिन असफल रहा। होलिका दहन का त्योहार भक्त प्रहलाद और होलिका की कहानी से जुड़ा है। भक्त प्रह्लाद के पिता हिरण्यकश्यप और दादा कश्यप ऋषि और दादी दिति और प्रह्लाद की माता कयाधु थी। भक्त प्रह्लाद की माता श्रीहरि (विष्णु) की भक्त थी। भक्त प्रह्लाद की माता ने अपने पति हिरण्यकश्यप से बात को छिपा कर होशियारी से श्रीविष्णु का 108 बार नाम जप लिया था और इसके प्रभाव से ही प्रह्लाद जैसे विष्णुभक्त को जन्म दिया। भक्त प्रह्लाद के गुरु, ब्रह्मा के मानस पुत्र श्रीविष्णु के परम् भक्त नारदमुनिजी थे। नारदजी के अलावा दत्तात्रेय, शंड और मर्क आदि कई महान ऋषियों ने भी प्रह्लाद को शिक्षित और संस्कारवान बनाया था। भक्त प्रहलाद की पत्नि धृति थी, जिससे पुत्र विरोचन का जन्म हुआ। इसके अलावा आयुष्मान, शिवि और वाष्कल भी उनके पुत्र थे। विरोचन का विवाह बिशालाक्षी से हुआ था। जिससे महाबली और महादानी राजा बलि उत्पन्न हुआ, जो महाबलीपुरम के राजा बने। इन बालि से ही श्रीविष्णु ने वामन बनकर तीन पग धरती मांग ली थी। प्रह्लाद के पुत्र विरोचन से एक नई संक्रांति का सूत्रपात हुआ था। इंद्र से जहां आत्म संस्कृति का विकास हुआ वहीं विरोचन से भोग संस्कृति जन्मी। इसके पीछे भी एक कथा चलित है। भक्त प्रह्लाद दैत्य कुल के होने के बावजूद विष्णु भक्त थे। उनकी माता के अलावा सभी परिजन हिरण्यकश्यप और बुआ होलिका तथा अन्य आसुरी स्वभाव के लोग थे। जिनमें दत्तात्रेय, शंड और मर्क, आयुष्मान, शिवि, विरोचन, वाष्कल, और यशकीर्ति आदि विष्णुभक्त भी थे। जिनमें प्रह्लाद सबसे महान थे। हिरण्यकश्यप की बहन होलिका थी, होलिका को श्रीहरि (विष्णु) से वरदान स्वरूप एक ऐसा चादर मिला था, जिसे ओढ़ कर अग्नि में प्रवेश करने पर अग्नि से नही जल सकती थी। हिरण्यकश्यप के कहने पर होलिका ने भक्त प्रह्लाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि कुंड में बैठ गई थी, लेकिन अग्नि कुंड में होलिका जलकर भस्म हो गई और भक्त प्रह्लाद बच गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्रीविष्णु भक्त प्रह्लाद का जन्म कृष्ण नगरी मथुरा के एक गांव फालैन में हुआ था। यहां पर भक्त प्रह्लाद तथा भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। भक्त प्रह्लाद श्रीहरि (विष्णु) के परम भक्त होने के साथ ही महाज्ञानी और पंडित थे। भगवान नृसिंह के आशीर्वाद और दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य के मार्गदर्शन के चलते वे असुरों के महान राजा बन गए थे। प्रह्लाद की बुआ होलिका जहां आग में जलकर मर गई थी वहीं दूसरी बुआ सिंहिका को हनुमानजी ने लंका जाते वक्त रास्ते में मार दिया था। भक्त प्रह्लाद के तीन भाई थे- अनुहल्लाद, हल्लाद और संहल्लाद। हरिश्यकश्यप का भाई हिरण्याक्ष उनका चाचा था जिसे श्रीहरि (विष्णु) ने वराह रूप धारण करके मार दिया था। भक्त प्रह्लाद को श्रीहरि (विष्णु) का भक्त होने के कारण उनके पिता हिरण्यकश्यप ने उनका हर तरह से वध करने का प्रयास किया, लेकिन श्रीहरि (विष्णु) की कृपा से भक्त प्रह्लाद को नहीं मारा जा सका, तब प्रह्लाद की बुआ होलिका को हिरण्यकश्यप ने भक्त प्रहलाद को गोदी में लेकर जलती आग में बैठने के लिए कहा, क्योंकि होलिका को ब्रह्माजी से वरदान प्राप्त था कि वह अग्नि से जलकर नहीं मर सकती थी। परंतु होलिका ने उस वरदान का दुरुपयोग किया इसलिए होलिका आग में जलकर मर गई और भक्त प्रह्लाद बच गया। बाद में श्रीहरि ने नृसिंह अवतार लेकर हरिश्यकश्यप का वध करके भक्त प्रह्लाद को असुरों का राजा बना दिया। अनेक कथाओं के अनुसार विभिन्न कारणों से होली उत्सव को देश-विदेश में विविध प्रकार से मनाया जाता है । कई स्थानों पर होली उत्सव महीने भर पहले से ही आरंभ हो जाती है । इसमें बच्चे घर-घर जाकर लकडियां इकट्ठी करते हैं। पूर्णमासी को होली की पूजा से पूर्व उन लकड़ियों की विशिष्ट पद्धति से सजाया जाता है । तत्पश्चात उसकी पूजा की जाती है । पूजा करने के उपरांत उसमें अग्नि प्रज्वलित की जाती है, जिसे होलिका दहन कहा जाता है। ब्रज की होली दुनिया में सबसे अनोखी और भव्य होती है। यहां होली में हर गली, मंदिर और चौक में रंगों और भक्ति का अद्भुत मेल देखने को मिलता है। यही वजह है कि हर साल हजारों श्रद्धालु और पर्यटक इस रंगारंग उत्सव का हिस्सा बनने आते हैं। होली के काफी दिन पहले से ही मथुरा, वृंदावन बरसाना, नंदगांव, गोकुल में होली अलग-अलग रूपों में मनाई जाती है, जो इसे विशेष बनाती है। बरसाना की लठमार होली, नंदगांव की होली और मथुरा की होली दुनियाभर में काफी मशहूर है। वर्तमान समय में होली के अवसर पर अनेक अनाचार होते है, गंदे पानी के गुब्बारे फेंकना, अंगों पर खतरनाक रंग फेंकना, मद्यपान कर हुडदंग मचाना आदि विकृतियाँ होती है। इस विकृतियाँ को रोकना हमलोगों का कर्तव्य है। इसके लिए समाज के लोग को जागृत होना होगा। होली के समय होनेवाले अनाचारों को रोककर होली धर्मशास्त्र के अनुसार मनाया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### जर्जर भवन के निर्माण को लेकर विधायक ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**समस्तीपुर।** जिले के स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा तथा समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के जर्जर भवनों का निर्माण कराने का आग्रह किया है। विधायक ने शिक्षा मंत्री से कृष्णा हाई स्कूल जितवारपुर, हाई स्कूल विशनपुर, हाई स्कूल रहीमपुर रुदौली, हाई स्कूल हरिशंकरी, हाई स्कूल चकनूर, हाई स्कूल नीरपुर, हाई स्कूल मोहनपुर, हाई स्कूल बाघी के जर्जर भवनों का निर्माण कराने का आग्रह किया। शिक्षा मंत्री ने विधायक को इस ओर अपेक्षित व सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया।

### रमजान में तरावीह नमाज मुकम्मलः हाफिज दानिश ने कुरान पाक के 30 पारे सुनाए, मुल्क की तरक्की के लिए की दुआ



**समस्तीपुर/हसनपुर।** जिप सदस्य प्रतिनिधि सह भाजपा नेता ऑक्सीजन मैन के नाम से प्रसिद्ध सिकंदर आलम के आवास पर आयोजित रमजान की विशेष तरावीह नमाज सोमवार रात संपन्न हुई। हाफिज दानिश ने कुरान-ए-पाक के सभी 30 पारे नमाजियों को सुनाए। तरावीह के बाद मुक्तदियों ने फूलमाला पहनाकर हाफिज का स्वागत किया। हाफिज दानिश ने बताया कि रमजान को तीन अशरों में बांटा गया है। पहले 10 दिन रहमत के, दूसरे 10 दिन बरकत के और आखिरी 10 दिन मगफिरत के होते हैं। जिप सदस्य प्रतिनिधि सह भाजपा नेता सिकंदर आलम ने कहा कि वर्तमान में चल रहे पहले अशरे में परवरदिगार अपने बंदों पर विशेष रहमत बरसाते हैं,कुरआन पूरा होने को तरावीह का समापन न समझा जाए। उन्होंने कहा कि रमजान की पहली रात से लेकर ईद-उल-फितर के चांद का दिदार होने तक तरावीह जारी रखनी चाहिए। कुरान-ए-पाक को सुनना और सुनाना दोनों सुन्नत हैं। उन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ जावेद आलम,हाजी लाल बाबू,डॉ जैकी, डॉ मजीद,डॉ राशीदजफर,डॉ साहिल,मास्टर बशीर,मोहम्मद रियाज,हमदान आलम,मोहम्मद प्रिंस,मोहम्मद लकी,मोहम्मद आदिल,शाहिद,मोहम्मद चांद बाबू,मोहम्मद बदरुद्दीन, मोहम्मद अल्तमस,मोहम्मद सलामत,मोहम्मद अजहर, मोहम्मद जीशान,मोहम्मद अजहरूद्दीन समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समापन पर हाफिज दानिश ने देश की तरक्की, खुशहाली और शांति के लिए विशेष दुआ की।

### अबीर गुलाल लगा कर होली की दिया गया शुभकामनाएं



**सुगौली।** सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ के आवास पर फगुआ महोत्सव सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया । जहां उपस्थित कलाकारों ने पारंपारिक होली के गाना से उपस्थित लोगों को खूब झूमाया। मौके पर उपस्थित लोगों ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं व्यक्त किया। लोगों ने एक दुसरे से गले मिल जमकर झूमा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। जो आपस में एक दुसरे को अबीर गुलाल लगा कर आपसी सौहार्द व भाईचारे का मिसाल पेश किया। मौके पर क्षेत्रीय सांसद के प्रतिनिधि के रुप में मौजूद विजय चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र मिश्र, अखिलेश गुप्ता, महेश मिश्रा, अंकुर चौधरी, अशोक सोनी, मो.अलीहसन, अशोक कुमार गुप्ता, अरविंद कुशवाहा, मधुरेन कुमार, डीके आजाद, हर्षवर्धन सर्राफ, चंदन निषाद, बीकू श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

### शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं होली : थानाध्यक्ष

» शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा का पर्व है होली, इस होली समाज को दें एक नया संदेश : जिला पार्षद



**समस्तीपुर।** जिले के खानपुर में होली पर्व के अवसर पर खानपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक अपर थानाध्यक्ष पुलिस चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें प्रखण्ड विकास पदाधिकारी खानपुर, अंचलाधिकारी खानपुर, खानपुर थाना के सभी वरिय पदाधिकारी, राजनीतिक दल एवं संगठन के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली और जुमा एक ही दिन है। इसलिए वरीय पुलिस पदाधिकारी को थाना क्षेत्र को तीन भागो में बांट कर सवेरे से ही पुलिस गश्त लगाएंगे। अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका अथवा शांति भंग होने पर इसकी सूचना तुरंत थाना को देंगे। उन्होंने कहा कि इस होली में डीजे पर अश्लील गाना बजाना पूर्णतः वंचित रहेगा। वहीं हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर रहेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह ने कहा कि शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा के साथ मनायें होली। साथ ही युवाओं से कहा कि इस होली के अवसर पर समाज में एक नया संदेश दें, ताकि लोगों में अमन चैन और आपसी प्रेम बरकरार रहे। बैठक में जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह, भाजपा उत्तरी मंडल के अध्यक्ष अजय कुशवाहा, भाजपा दक्षिणी मंडल के अध्यक्ष बम भोला सिंह, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष राम नारायण सिंह, विश्व हिंदू परिषद् के प्रखण्ड अध्यक्ष वीरेंद्र फर्णाण्डिश, भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह एवं दीपक सहनी सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी आम आवाम उपस्थित थे।

## "शिवांश ऑर्गेनिक फार्मिंग" का वर्मी कम्पोस्ट बना आकर्षण का केंद्र

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** कृषि विज्ञान को बढ़ावा देने और किसानों को नई तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित "कृषि यांत्रिकीकरण मेला प्रदर्शनी" में "शिवांश ऑर्गेनिक फार्मिंग एंड ट्रेनिंग सेंटर,मकेर के वर्मी कम्पोस्ट और केंचुआ उत्पादों ने खास पहचान बनाई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने स्टॉल का निरीक्षण किया और उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की। फार्म संचालक राहुल कुमार ने वर्मी कम्पोस्टिंग के फायदों और इसकी उत्पादन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनके उत्कृष्ट जैविक उत्पादों को देखकर कृषि विशेषज्ञों और किसानों ने भी गहरी रुचि दिखाई। इस मेले में शिवांश ऑर्गेनिक फार्मिंग के वर्मी कम्पोस्ट की सराहना करते हुए कई किसानों ने इसे अपनाने की इच्छा जाहिर की। राहुल कुमार ने बताया कि उनका उद्देश्य जैविक खेती को बढ़ावा देना और किसानों को स्वावलंबी बनाना है। इस प्रदर्शनी ने क्षेत्र के किसानों को जैविक कृषि की ओर प्रेरित किया। वर्मी कम्पोस्टिंग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और लागत घटाने के फायदों को देखते हुए, इस तकनीक को अपनाने में किसानों की रुचि बढ़ रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ जिला परिषद अध्यक्ष, उपविकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, कृषि विभाग के अन्य पदाधिकारी, लाभुक किसान तथा क्षेत्र के सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिलाधिकारी

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ होली मिलन का भव्य आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** कायस्थ परिवार, छपरा द्वारा होली मिलन समारोह – 2025 का भव्य आयोजन गोपेश्वर नगर स्थित पार्टी क्लब में किया गया। इस उत्सव में समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान चित्रगुप्त की वंदना से किया गया।समारोह में पूर्व प्राचार्य प्रो. मृदुल कुमार शरण, प्रो. के. पी. श्रीवास्तव,बृजेंद्र कुमार सिन्हा, पशुपति नाथ अरुण, राजेश नारायण सिन्हा एवं सुरेश प्रसाद श्रीवास्तव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक पगड़ी एवं पुष्पगुच्छ द्वारा सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया । कार्यक्रम में लोकगीत, नृत्य, हास्य व्यंग्य एवं कविता पाठ जैसी रंगा रंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा। मुख्य वक्ताओं ने समाज की एकता, संस्कृति एवं परंपराओं के महत्व पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम संयोजक राजेश वर्मा, प्रिंस राज एवं राजेश कुमार सिन्हा मिंटू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया एवं मंच संचालन संस्थापक डॉ.अभिजीत श्रीवास्तव ने किया।

## 13 मार्च को होलिका दहन, 15 को मनेगी सर्वत्र होली : ज्योतिषाचार्य विमल तिवारी

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।**होली खुशी, उल्लास, रंग और उमंगों का त्योहार है। जिसका इंतजार हर किसी को होता है। इस दिन लोग आपस की हर नाराजगी को भूलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर प्यार के रंग में सराबोर हो जाते हैं। लेकिन इस बार होली को लेकर लोगों में संशय की स्थिति बनी हुई है। होली की दो तारीख 14 और 15 मार्च सामने आ रही है। ऐसे में लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि उन्हें होली किस दिन मनाना चाहिए। लोगों की संशय को दूर करते हुए ज्योतिषाचार्य विमल तिवारी ने बताया कि पूर्णिमा तिथि का प्रवेश 13 को होगा। पूर्णिमा के पूर्वाद्ध में भद्रा तिथि में होलिकादहन नहीं होगा। भद्रा तिथि रात्रि 10 बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगी। इसके बाद पूरी रात होलिकादहन किया जा सकता है। पूर्णिमा में सूर्योदय 14 मार्च को है। होली चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को मनायी जाती है, इसलिए इस बार होली 15 मार्च को खेली जाएगी। उन्होंने बताया कि होली पर भारत में चंद्र ग्रहण नहीं है। इस बार होली पर बुधादित्य योग बन रहा है जो शुभ फलदायक है।होली पर इस बार कई साल बाद ग्रहों का दुर्लभ संयोग बन रहा है। होली पर मीन राशि में सूर्य, बुध और शुक्र की युति बनने जा रही है, जिससे बुधादित्य योग, लक्ष्मी- नारायण योग, त्रिग्रही योग का शुभ संयोग होगा। ये सभी सुख शांति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का ही नहीं एकता, सद्भावना और प्रेम का प्रतीक भी माना जाता है। होलिका की अग्नि में गाय का गोबर, गाय का घी और अन्य हवन सामग्री का दहन करना शुभ होता है। होली बुराईयों का नाश करने वाला त्योहार है। उसकी भस्म उसी सौभाग्य का प्रतीक है। इसलिए उसे शुभ माना जाता है। मान्यता है कि होली की भस्म में देवताओं की कृपा होती है। इस भस्म को माथे पर लगाने से भाग्य अच्छा होता है और बुद्धि बढ़ती है।

## ताजपुर बीडीओ पर कारवाई को लेकर भाकपा माले ने निकाला विरोध मार्च

नई सोच एक्सप्रेस




**समस्तीपुर/ताजपुर।** प्रखंड परिसर में फेंका गया थूक को पहले झारू से साफ करवाने फिर पानी से धुलवाने फिर पीड़ित से सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाने के बाबजूद स्थानीय बंगरा निवासी नाबालिग चितरंजन कुशवाहा को जेल भेजने के उद्देश्य से बीडीओ द्वारा थाना के हवाले किये जाने की मानवता को शर्मशार करने वाली घटना के खिलाफ मंगलवार को भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने मोतीपुर खैनी गोदाम से विरोध मार्च निकाला। नारे लगाते हुए मार्च गांधी चौक पहुंचकर गांधी प्रतिमा स्थल पर सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 19 जनवरी को समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड के बंगरा पंचायत निवासी चितरंजन कुशवाहा अपने दादाजी का पारिवारिक लाभ योजना की जानकारी लेने ताजपुर प्रखंड कार्यालय गया। लौटते समय गला में खरास आने पर प्रखंड परिसर में थूक फेंक दिया। सीसीटीवी में घटना देखते ही बीडीओ गौरव कुमार प्रखंड कर्मी से लड़के को अपने कार्यालय में बुलवाया फिर जेल भेजने का धमकी देकर झारू से थूक साफ करवाया फिर पानी से धुलवाया। फिर लड़के को अपने कार्यालय में बुलाकर माफी मंगवाया। बीडीओ कार्यालय में चल रहा खाद अनुश्रवण समिति के बैठक में मौजूद भाकपा माले के ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, कांग्रेस के अब्दुल मालिक एवं प्रखंड प्रमुख पुनम देवी द्वारा लड़के को छोड़ देने का आग्रह के बाबजूद सामंती एवं अफसरशाही के रोबदाब वाले बीडीओ ने पुलिस बुलाई, पुलिस के आने में देर होने पर अपने गार्ड के माध्यम से पीड़ित लड़के को जेल भेजने की नियत से थाना के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर जनप्रतिनिधि एवं परिजनों के विरोध के बाद ताजपुर थानाध्यक्ष शनि कुमार मौसम ने पीआर बांड पर लड़के को रिहा कर दिया। इस सामंती, अफसरशाहीपूर्ण एवं मानवता को शर्मशार करने वाली घटना से भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की धरती ताजपुर-समस्तीपुर शर्मशार हुआ है। पीड़ित लड़का, ताजपुर वासी एवं राजनीतिक दलों ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर बीडीओ कार्यालय की सीसीटीवी फूटेज की जांच कर बीडीओ पर कारवाई की मांग के बाबजूद अभी तक बीडीओ पर कारवाई नहीं हुई है। भाकपा माले सरकार से मांग करती है कि ताजपुर प्रखंड के बीडीओ पर सख्त अनुशासनिक कारवाई हो और तत्काल उन्हें वहां से हटाया जाए। मौके पर राजदेव प्रसाद सिंह, जवाहर सिंह, सुनील शर्मा, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, महेश्वर शर्मा, धीरेंद्र शर्मा, संजीव राय आदि मौजूद थे।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## बिहार निर्माण के लिए ईमानदार प्रयास से युवाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि

नई सोच एक्सप्रेस



**[ लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से कर्मशील जुड़ने लगे हैं। युवाओं को प्रेरित करने वाले आईपीएस विकास वैभव भी एक कर्मशील ही है। ]**आईपीएस विकास वैभव ने बिहार को अग्रणी राज्य बनाने के लिए साहस किया है। उनका संदेश है कि हर व्यक्ति के ईमानदार साथ से वैभवशाली होगा अपना बिहार। बिहार में विद्वानों और विभूतियों की कमी नहीं हैं। न जाने किस भय से आक्रांत हैं, जो युवाओं में सच्ची श्रद्धा और भाव को उत्पन्न करने का साहस नहीं कर पा रहे हैं। सज्जन अगर साहस नहीं करेंगे तो राष्ट्र निर्माण कैसे होगा। इस तरह से तो सत्य पर अज्ञात काले बादल छाए हुए, प्रगति में बाधक होंगे। कर्म को मानने वालों की कमी बिहार में कम नहीं हैं। कर्मयोगियों के बल पर ही बिहार का नव इतिहास लिखा जाएगा। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से कर्मशील जुड़ने लगे हैं। युवाओं को प्रेरित करने वाले आईपीएस विकास वैभव भी एक कर्मशील ही है। कुछ लोग बिहार के युवाओं के मनोबल को तोड़ेंगे। खुद अच्छा नहीं करेंगे और जो अच्छा करने का प्रयास करेगें, उनके कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करने में सक्षम हो जायेंगे। ठीक वैसे ही जैसे, ऋषि मुनियों के यज्ञ को दुष्ट राक्षस तितिर बितीर कर देते थे। हमारी संस्कृति इस बात की गवाह है, सत्य की जीत के लिए सज्जन मौन नहीं रहे हैं। उत्कृष्टता सबको पसंद है। सभी अपने राज्य की बेहतरी चाहते हैं, लेकिन इस प्रकार से कायर बनने से काम नहीं चलेगा। राज्य और राष्ट्र हित के विषय में चिंतन करना होगा। दुर्जनों की मानसिकता को पढ़ना होगा, उनके द्वारा नित्य कुरीतियों का जो जाल बुना जा रहा है, उन्हें नष्ट करने के लिए सज्जनों को दृढ़ संकल्प लेना होगा। जिस प्रकार के संस्कार बच्चे अपने आस पास देख रहे हैं, उसी से प्रेरणा भी ले रहे हैं। बिहार में दुर्जनों के द्वारा विषबेल लताओं का जो जाल बुना जा रहा है,वहीं जाल तो लघुवाद हैं। यें लघुवादी ही राष्ट्र के युवकों का भविष्य अंधकारमय कर रहे हैं। ऐसे दुर्जनों की सक्रियता ख़त्म करने के लिए, सभी सज्जनों को अपनी निष्क्रियता की चुप्पी तोड़नी होगी। बिहार निर्माण के लिए जिस प्रकार से, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के सदस्य कार्य कर रहे हैं वो, विकृत मानसिकता वालों को चैन की नींद सोने नहीं देगा। क्योंकि यें तमाम लोग जो विकृत मानसिकता से उपजे हैं, वहीं लघुवादी हैं, ये लोग राज्य हित के लिए अड़चन पैदा करने वाले हैं। भला लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के सामाजिक संदेश लघुवादो से दूर रहना है, वो उनको कैसे भा सकता है। अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता, इसलिए बिहार के सभी सज्जनों से आग्रह है कि सक्रिय होकर अपने राज्य बिहार के हित के विषय में सोचें। कर्मशील ही सज्जन लोग हैं। और, इनके प्रयास से युवाओं को सही दिशा दिखाने में आईपीएस विकास वैभव के आत्मबल को मजबूती मिल रही हैं। बिहार में कई युवा संवाद अब तक आईपीएस विकास वैभव ने किया है। स्कूल और कॉलेजों में जा कर युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते आएं है। कहां जाता है कि अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता। इस कहावत से बड़े बुजुर्गों और शिक्षक यहीं ज्ञान देते आएं हैं कि सब के सहयोग से बड़े कार्यों को आसानी से पूरा किया जा सकता है। मैं समझता हूं कि अकेला चना नेतृत्व तो कर ही सकता है। देश के समाजसेवियों में राजा राम मोहन रॉय, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गाँधी, डॉ भीम राव अंबेडकर, ज्योतिबा फुले, एनी बेसेंट, मदर टेरेसा, विनोबा भावे इत्यादि ने समाज का नेतृत्व अकेले ही किया। इनके ज्ञान के प्रभाव से लाखों लोगों ने इनका अनुसरण किया। बेहतर समाज कल्याण के लिए और बिहार के युवाओं को प्रेरित करने के लिए आईपीएस विकास वैभव ने भी साहस किया है। और, सुखद बात यह है कि इनके सहयोग के लिए लाखों लोग, इनकी कर्म यात्रा में अपने को शामिल कर लिया हैं। आइए, बिहार के तमाम युवाओं को कर्मशील बनाने के लिए सार्थक सहयोग करते हैं। और, बिहार में लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान को जन जन तक पहुंचाने में सहयोग करते हैं। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं। और, सबको बिहार निर्माण में सहयोग करने के लिए आह्वानित करते हैं।

## फुलवारी में अभिनय कार्यशाला का हुआ आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**फुलवारी शरीफ।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच वाल्मी के द्वारा पाटलिपुत्र पब्लिक स्कूल, वृंदावन कॉलोनी रोड नंबर-1 सी में अभिनय कार्यशाला का आयोजन मिथिलेश कुमार पांडे के निर्देशन में किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों को रंगमंच से जुड़े विविध आयामों से अवगत कराया गया। साथ ही साथ महेश चौधरी के द्वारा लिखित एवं मिथिलेश कुमार पांडे निर्देशित नाटक- "स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण" पर आधारित नाटक की प्रस्तुति की गई जिसमें स्कूल के बच्चों की भागीदारी सराहनीय रही। संस्था के सचिव सह वरीय रंगकर्मी महेश चौधरी ने बताया कि- शिक्षा में रंगमंच के अंतर्गत विद्यार्थी अपने भाव पक्ष तथा तर्क पक्ष को सृजनात्मकता से जोड़कर स्वच्छ मनोरंजन के साथ ज्ञान लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं। यह गतिविधियां विद्यार्थीयों को अधिक विचारशील, सकारात्मक, सृजनशील एवं चतुर बनाती है। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वाधिक विकास करना होता है। संस्था कई वर्षों से इस तरह का कार्यक्रम करती चली आ रही है। इस कार्यक्रम में स्कूल के निर्देशक- युगल किशोर सिंह, इंचार्ज-रमेश कुमार सिंह के साथ-साथ शिक्षक -अभिषेक,विकास,विनोद,आनंद,हरे राम, मनोज वर्षा,रिचा,रीना ,ज्योति , शफाकत आदि मौजूद थे।

## होली और रमजान शांति और सौहार्द से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली।** थाना परिसर में होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।बैठक में थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह एस आई शंभू साह, अनुराग राज उपस्थित थे,थानाध्यक्ष ने बारी-बारी से आये नगर के वार्ड पार्षद और क्षेत्र के समाजसेवी , व्सायाई से थाना क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने पर उनकी राय लिया गया।मुस्लिम समाज के लोगों का रमजान का महीना चल रहा है, इस क्रम में शुक्रवार(जुम्मा) के दिन होली है, जिससे नमाज के दौरान रंग लगने की संभावना को उनके समक्ष रखा, थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने शांति और प्रेमपूर्वक होली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रंग खेलना खुशी का प्रतीक है, लेकिन किसी के साथ जबरदस्ती न किया जाए, सभी को स्वेच्छा से होली मनानी चाहिए। जबरजस्ती रंग नहीं डाले,नमाज पढ़ने वाले सतर्क रहे, ताकि विवाद नहीं हो अश्लील गाना और डीजे पर प्रतिबंध है।अगर डीजे बजाते पकड़ाता है ।तो उस पर कार्रवाई की जायेगी। दोनों समुदाय के लोग मिलजुल कर पर्व मनाये. अगर कहीं परेशानी समझ में आती हो,तो पुलिस को तुरंत सूचना दे। शांति समिति बैठक में नगर पंचायत मुख्य पार्षद नसरीन अली शांति समिति से नूरुल होदा कुरैशी, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार नायक,प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि शंभू साह,दक्षिणी सुंगाव मुखिया प्रतिनिधि अशोक झा , वार्ड पार्षद श्याम शर्मा, वार्ड पार्षद राजकुमार सर्राफ, वार्ड पार्षद रवि पासवान, समाजसेवी लक्ष्मी सर्राफ,हरिशंकर सर्राफ , अंकुर चौधरी, ओमप्रकाश हिंदू सहित कई मौजूद थे।

## आश्रय ओल्ड एज होम ने बुजुर्गों के बीच होली मिलन समारोह का किया आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस




**खगौल।** होली ऐसा पावन पर्व है जिसमें शामिल सभी लोग अपने मन की कसक, दुश्मनी व नाराजगी को भुलाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए गले लगाकर एक हो जाते हैं। फिर से एक नया रिश्ता कायम हो जाता है। यह होली पर्व सभी को एकता के सूत्र में बांधता है। लोग होली के रंग के संग झूमने लगते हैं और अपने आप को प्रफुल्लित महसूस करते हैं। इस खुशी के मौके पर आश्रय ओल्ड एज होम परिवार की ओर से थोड़ी खुशी बांटने की चाह में बुजुर्गों के संग होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह आयोजन मंगलवार को आश्रय परिसर में किया गया। इस मौके पर सभी वृद्ध लोगों ने बड़े प्रेम से एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। इस मौके पर आश्रय ओल्ड एज होम से जुड़े हुए बाहर के लोग भी आए जो हमेशा आश्रय परिवार को सहयोग करते रहते हैं। वहां रह रहे वृद्धो को रंग गुलाल लगाकर खुशियों के संग उनका आशीर्वाद लिये। इस मौके पर गीत संगीत का रंगारंग कार्यक्रम भी किया गया। होली मनाने की सारी व्यवस्था बहुत ही अच्छे ढंग से मैनेज किया गया था। आश्रय ओल्ड एज होम में होली का एक अच्छा माहौल कायम हुआ। इस मौके पर वहां रह रहे सभी बुजुर्ग बहुत खुश नजर आ रहे थे। इस कार्यक्रम में आश्रय चैरिटेबल के सभी ट्रस्टी गण मौजूद रहे जिसमें आश्रय की सचिव वीणा गुप्ता,राकेश कुमार गांधी, विजय महतो, कृष्णा किंचित, अजीत कुमार, मिथिलेश सिंह,संजय जी, राजकुमार गोस्वामी, प्रिंस सर, प्रतिभा जी, सन्नी कुमार तथा गीत संगीत में विजय सिंह, मुन्ना सिंह, विनोद कुमार, लोक गायक, रजनी शरण, दीपक कुमार,आश्रय के कार्यकर्ता गण उमेश शर्मा, शिवचंद्र कुमार, मुन्नी शर्मा, जितेंद्र कुमार, अमन कुमार, रानी कुमारी, सीमा कुमारी, नेहा शर्मा सहित सभी लोग मौजूद रहे। यह होली मिलन समारोह बहुत ही खुशी व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

## शहर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया सद्भावना मार्च

**यहां दोनों धर्म के लोग मिल-जुलकर बनाते हैं पर्व : सल्लू**

**औरंगाबाद।** पैगाम ए इंसानियत समुदाय के सदस्यों ने होली पर्व के मौके पर शहर में आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने को ले शहर में संभावना मार्च निकाला। नेतृत्व पैगामी इंसानियत के जिलाध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान, मो. जुल्फिकार, खुर्शीद आलम, मो. रिंकू, अमन खान के नेतृत्व में निकाला गया। पैगाम ए इंसानियत के जिलाध्यक्ष सल्लू खान ने कहा कि नमाज भी होगा और होली भी होगा। यहीं तो इस मुल्क की खूबसूरती है। यहां सभी धर्म एवं हर तरजीब को बराबर इज्जत और मोहब्बत मिलती है। जब मस्जिद में अजान की सदा गूंजती है और साथ ही गली में होली के रंग बिखरती है तो हमें बताती हैं कि हमारी एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस मिट्टी में मोहब्बत के रंग भी है और इबादत की खुशबू भी है। जब एक तरफ लोग नमाज के लिए सजदा करते हैं और दूसरी तरफ दोस्त एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिलते हैं तो यकीन और भी पक्की हो जाता है। शहर का माहौल खराब ना हो इसके लिए जरूरी है कि अफवाहों से बचें। यदि कोई व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म संप्रदाय का हो अफवाह फैलाते हो तो संबंधित थानाध्यक्ष एवं पुलिस के उच्च अधिकारियों से संपर्क कर जानकारी दी जाए। यदि कोई व्यक्ति अफवाहों पर विचार कर किसी प्रकार का कोई उदंड़ता करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से नफरत व द्वेष फैलाने वाले अफवाहों से बचें तथा खुद भी सोशल मीडिया के माध्यम से इस प्रकार को कोई मैसेज न भी जिससे कानून व्यवस्था के प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होने पाएं।

## फैब इंडिया ने पेश किए होली के लिए जरूरी सामान



**पटना।** फैब इंडिया ने होली के लिए जरूरी सामान पेश किए है जो रंग और खुशियों से आपके त्योहार को और भी खास बनाएंगे। कंपनी ने खाने - पीने की सामग्री के साथ ही त्योहारों में देने के लिए शानदार तोहफों की भी पेशकश की है जो आपके होली जैसे मौके को और यादगार बना देगा। फैब इंडिया ने 100 ग्राम के ड्रिंक्स ठंडाई पाउडर (199), फाल्गुन ब्लू ठंडाई ग्लास गिफ्ट सेट (1299), टील कॉटन प्रिंटेड टेबल रनर (799), 75 ग्राम फेस्टिव हर्बल गुलाल (180), ब्रास मेटल टंबलर सेट (3499), येलो स्टोन कुसुम स्नैक्स प्लेट सेट (199), नेचुरल वुड थार पेंटेड चिप एंड डिप (2199) सहित कई आकर्षक चीजें पेश की है। चाहे दोस्तों की मेहमाननवाजी करें या परिवार के साथ त्योहार का आनंद लें, ये सारी चीजें आपके जश्न को शानदार बनाएगा।

## भोजपुरी फिल्म 'अठरंगी दुल्हनिया' का ट्रेलर हुआ रिलीज,15 मार्च को जी बाइस्कोप टीवी चैनल पर होगा वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर



**वाराणसी।** भोजपुरी सिनेमा के शोमैन फ़िल्म मेकर व निर्देशक मनोज ओझा जब भी कोई फ़िल्म का निर्देशन व निर्माण करते हैं तो वह सुपरहिट होने के साथ ही इतिहास रच देती है ऐसे में सुपर हिट भोजपुरी फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कँगना' की भारी सफलता के बाद मनोज ओझा के कुशल निर्देशन में बनी भोजपुरी फिल्म 'अठरंगी दुल्हनिया' का ट्रेलर ज़ी बाइस्कोप ने रिलीज किया है इस फ़िल्म का ट्रेलर यशी फिल्म्स के यूट्यूब चैनल पर भी रिलीज किया गया है फ़िल्म का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 15 मार्च को जी बाइस्कोप टीवी चैनल पर होगा | इस फ़िल्म में केंद्रीय भूमिका में स्टार एक्ट्रेस श्रुति राव,सिनेस्टार आदित्य ओझा,मनोज टाईगर और प्रकाश हैं उनकी चौकड़ी दर्शकों के बीच खूब धमाल मचाने वाली है यह फ़िल्म आडियंस का फुल इंटरटेनमेंट करने वाली है | उल्लेखनीय है कि फिल्म 'अठरंगी दुल्हनिया' का ट्रेलर बहुत ही मजेदार बनाया गया है जोकि मनोरंजन से भरपूर है अठरंगी दुल्हनिया के रोल में श्रुति राव ने गजब का कारनामा दिखा रही हैं जो मस्ती और धमाल से भरपूर है | फ़िल्म के ट्रेलर में कई ट्विस्ट देखने को मिल रहा है इस फ़िल्म की कहानी बहुत ही दिलचस्प है श्रुति राव के हसबैंड की भूमिका में आदित्य ओझा ने शानदार अभिनय किया है वहीं मनोज टाइगर और प्रकाश जैस का रोल फुल इंटरटेनिंग है | फ़िल्म के अन्य सभी कलाकारों ने बहुत ही उम्दा अभिनय किया है फ़िल्म का संगीत भी मधुर और कर्णप्रिय है जिसे सुनकर व देखकर लोग तारीफ के पुल बाँध रहे हैं फ़िल्म निर्देशक मनोज ओझा ने बहुत ही बेहतरीन फ़िल्म की मेकिंग किया है | फ़िल्म प्रोड्यूसर अश्वनी शर्मा ने हर वर्ग के दर्शकों को देखने लायक फ़िल्म का निर्माण किया है डीओपी फ़िरोज़ खान ने फ़िल्म का फिल्मांकन बहुत शानदार किया है ट्रेलर देखने वाले लोगों का कहना है कि जब ट्रेलर इतना बढ़िया है तो पूरी फ़िल्म बहुत ही कमाल की बनी होगी | गौरतलब है कि अश्वनी शर्मा प्रस्तुत जीएमए फिल्म्स बैनर के तले निर्मित की गई भोजपुरी फिल्म 'अठरंगी दुल्हनिया' के निर्माता अश्वनी शर्मा हैं जिन्होंने बहुत ही बेहतरीन फ़िल्म का निर्माण किया है इस फ़िल्म का कुशल निर्देशन जाने माने निर्देशक मनोज ओझा ने किया है | संवाद मनोज ओझा ने लिखा है जबकि कथा व पटकथा ज्ञानेश श्रीवास्तव व सभा वर्मा ने लिखा है | फ़िल्म के स्टारकास्ट श्रुति राव, आदित्य ओझा,मनोज टाइगर, प्रकाश जैस,मीनू शर्मा,भावना सिंह, कविता राज,शबनम खान,रिंकू यादव,शकीला अब्दुल माजिद,बेबी चाहत,अंकुश कहार,आरती निगम हैं | डीओपी फ़िरोज़ खान,संगीतकर अमन श्लोक,गीतकार शेखर मधुर, संपादक गोविंद दूबे,डांस मास्टर प्रसून यादव,पीआरओ रामचन्द्र यादव हैं | डीआई गजानंद, वीएफएक्स सुमित ओझा ने किया है पोस्ट प्रोडक्शन द एस5 स्टूडियो में किया गया है इस फिल्म की मार्केटिंग 'मेक योर फ़िल्म इंडिया' कंपनी ने किया है ।

## 395 लीटर देशी शराब के साथ तीन कारीबारी गिरफ्तार



**सुगौली।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर विभिन्न जगहों पर छापामारी कर 395 लीटर देशी शराब के साथ तीन कारोबारी को अलग अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। सभी को न्याय हिरासत में भेज दिया गया है । थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छपारा बहास के समीप दो बाईक से 365 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। साथ ही एक करोबारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार कारोबारी थाना क्षेत्र मेंहवा गांव निवासी लेखराज सहनी का पुत्र अंगद सहनी को गिरफ्तार किया गया है । साथ ही दोनों बाइक को जब्त कर लिया गया है । वही मेहवा गांव से एक मोटरसाइकिल पर सवार जाटा सहनी का पुत्र राजू सहनी व शिवनाथ सहनी का पुत्र पारस सहनी के पास से 30 लीटर देशी शराब बरामद की गई है । I तीनो कारोबारी को जेल भेज दिया गया है।

# होली मिलन समारोह पर कई प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





नई सोच एक्सप्रेस

**» मुद्रा योग पीठ फाउंडेशन के इस आयोजन पर सैकड़ो महिलाएं हुई शामिल**

**कटिहार।** शहर के अनाथालय रोड लीची बगान स्थित मुद्रा योगपीठ फाउंडेशन की संचालिका पायल राय के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में मुद्रा योगपीठ फाउंडेशन में योग सिखने आने वाले घरेलू महिलाओं के साथ-साथ शहर के कई प्रतिष्ठित महिला चिकित्सक एवं नेत्री शामिल हुई। इस आयोजन के मौके पर सर्वप्रथम कई तरह के प्रतियोगिता महिलाओं के बीच आयोजित की गई जिसमें म्यूजिकल चेयर, हांडी फोर प्रतियोगिता के साथ-साथ कई अन्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें सभी घरेलू महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग ली। इसके पश्चात सभी महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। जबकि महिलाओं के बीच पुरस्कार भी वितरण किया गया। मौके पर मुद्रा योग पीठ फाउंडेशन की संचालिका पायल राय ने कहा कि होली मिलन समारोह के मौके पर महिलाओं के बीच कई तरह का प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। इस आयोजन के मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ० शिप्रा सिंह, डॉ० आशा दोलानी, डॉ० आभा, प्रो०चंदना झा, छाया तिवारी, प्रतिमा तमांग, सीमा श्रीवास्तव, सुषमा डालमिया, मंजूश्री साह शामिल हुए।

## जहानाबाद काको उप डाकघर का वरीय डाक अधीक्षक गया प्रमंडल ने औचक निरीक्षण किया



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** काको नगर पंचायत स्थित काको उप डाकघर का वरीय डाक अधीक्षक रास बिहारी राम (गया प्रमंडल) ने औचक निरीक्षण किया। उप डाकघर की व्यवस्था देखकर प्रसन्न हुऐ और कहा कि कुछ कमियां यहां है उसे शीघ्र दूर किया जायेगा। उन्हीं की अध्यक्षता में एक बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी शाखा डाकघर के कर्मचारी उपस्थित हुए। इस बैठक में इस बात पर चर्चा की गई कि नया खाता खोलने एवं नया इंश्योरेंस करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त जनसंख्या के अनुसार इस डाकघर में जगह की कमी है। इसके लिये नये भवन में इसका स्थान्तरित होना आवश्यक है। इस अवसर पर उपडाकपाल दिलीप कुमार,डाक सहायक कुमार गौरव,अभय कुमार ,अरविंद कुमार, मुकेश,रोहित,चंदन, रीता कुमारी के साथ साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह में शामिल हुए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** जिले के सेंधवा गांव में आयोजित होली मिलन समारोह में जम्मू-कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सम्मिलित हुए। इस अवसर पर भाजपा, जदयू और अन्य दलों के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मगध के इतिहास और भारत के विकास पर चर्चा के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मगध की धरती एक ऐतिहासिक धरती है। भारत के आने वाले वर्षों में विकसित राष्ट्र बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि मगध प्राचीन काल से ही ज्ञान, सत्ता और समृद्धि का केंद्र रहा है और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भारत भी तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। बिरंच का जिक्र और युधिष्ठिर यश संवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महाभारत के युधिष्ठिर और यश के संवाद को याद करते हुए मगध की प्रसिद्ध व्यंजन बिरंच का भी जिक्र किया। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि मगध क्षेत्र में एक घंटा बिताने के बावजूद बिरंच न मिलने से आश्चर्य हो रहा है। जिस सुनकर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियां बजायी। माननीय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने लगभग एक घंटा सेंधवा गांव में बिताया। जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की।

# गर्मी के मौसम को देखते हुए चापाकलों की मरम्मति के लिए टीमों को किया गया रवाना

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की ओर से पूरे जिले में आसन्न गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी सरकारी चापाकलों की मरम्मति हेतु कुल 07 टीमों को जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया गया। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर सभी 07 चलंत मरम्मति दल को रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रेस को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम के दृष्टिगत तथा गर्मी के मौसम में विशेषकर जलस्तर के गिरने की घोर समस्या होती है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेय जल की समस्या उत्पन्न हो जाती है।इसी को ध्यान में रखकर चलंत मरम्मति दलों को रवाना किया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी द्वारा आमजनों की सुविधा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर भी 9430099051 जारी किया गया है। जन प्रतिनिधि एवं आम नागरिक संपर्क कर अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक जिले के सभी प्रखंडों के सुदूरवर्ती इलाकों में सभी चापाकलों की मरम्मती का कार्य पूर्ण नहीं कर लिया जाता है। आपको यह भी बताते चलें कि जहानाबाद जिला में वर्तमान जल स्तर 27'05" औसत है। ग्रीष्म ऋतु के आगमन उपरांत चापाकल खराब होने की संभावना बनी रहती है। खराब चापाकल को मरम्मति के लिए दूरभाष संख्या-9430099051 पर आम जनता अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है। शिकायत प्राप्ति उपरांत मरम्मति दल भेजकर चापाकल की मरम्मति कराया जायेगा। नियंत्रण कक्ष पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहण 5:00 बजे तक खुला रहेगा। नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त कर्मी द्वारा सभी ग्राम पंचायत स्तर पर माननीय मुखिया से दूरभाष पर सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त हो रहे शिकायतों का निष्पादन किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 222 अदद वाडों में हर घर नल जल योजना के तहत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजलापूर्ति करायी जा रही है। इसके साथ ही साथ पंचायती राज विभाग द्वारा हस्तांतरित 985 अदद वार्डों में कुल 1230 अदद योजना प्राप्त किया गया है। जिनमें 04 अदद योजना बोरिंग फेल होने के कारण बंद है। 03 अदद स्थलों पर नया बोरिंग का कार्य प्रगति पर है। शेष प्रक्रियाधीन है। शेष 1226 अदद योजना चालू है। लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल के अंतर्गत 14 अदद वाटर टैंकर अवस्थित हैं। जिससे पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों में शुद्ध पेयजलापूर्ति की जाती है।

# 37 ग्राम संभावित मेथिलेंडिऑक्सीमेथैम्फेटामाइन( एमडीएम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**किशनगंज।** मंगलवार को वाहिनी को गुप्त सूचना मिली कि समवाय नावडूबा के कार्यक्षेत्र के क्षेत्र इटाल बस्ती के आस पास अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की जानी है, इस गुप्त सूचना एवं श्री स्वर्ण जीत शर्मा, कमान्डेंट, 19 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, ठाकुरगंज के दिशा निर्देशन के आधार पर "जी" समवाय नावडूबा एवं सीमा चौंकी झालावस्ती के जवानों तथा बिहार पुलिस (पुलिस स्टेशन ठाकुरगंज ) द्वारा संयुक्त रूप से त्वरित कार्यवाही करते हुए विशेष नाका पार्टी तैयार किया गया, और नाका दल को तुरंत घटना स्थल की ओर रवाना किया गया और विशेष नाका दल द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने के क्रम में भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 109/06 से लगभग 02 किलोमीटर की दूरी (भारत की ओर) इटाल बस्ती के समीप समय लगभग 2130 बजे 02 व्यक्तियों को 37 ग्राम संभावित मेथिलेंडिऑक्सीमेथैम्फेटामाइनके साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की | विशेष नाका पार्टी जब घटना स्थल के पास पँहुची तो कुछ समय पश्चात नाका पार्टी ने देखा कि दो व्यक्ति ठाकुरगंज की तरफ से उनकी और आ रहे हैं जैसे ही उन्होंने नाका पार्टी को देखा तो वह भागने की कोशिश करने लगे परन्तु जवानों द्वारा उनका पीछा कर पकड़ लिया गया| तलाशी लेने पर उनके पास से 37 ग्राम संभावित मेथिलेंडिऑक्सीमेथैम्फेटामाइन मोबाईल रेड्मी एवं मोबाईल जिओ भारत बरामद किया गया । पूछताछ करने पर तस्करों ने अपना नाम- जावेद खान, उम्र- 27 वर्ष, पुत्र- गुलाममुस्तफा, वार्ड न. 08 खलीफा पट्टी,पुलिस थाना- ठाकुरगंज, जिला- किशनगंज, बिहार (2) नाम - मो. चाँद, उम्र- 29 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय- मो. अफसार, ग्राम-मस्तान चौक, पुलिस थाना- ठाकुरगंज, जिला- किशनगंज, बताया | मादक पदार्थ तस्करी का यह एक संदिग्ध मामला होने के कारण दोनों तस्करों को आवश्यक कागजी कार्यवाही करने के पश्चात प्राप्त 37 ग्राम संभावित मेथिलेंडिऑक्सीमेथैम्फेटामाइनऔर अन्य सामग्री के साथ थाना ठाकुरगंज को अग्रिम कार्यवाही के लिए सौंप दिया गया है |

## दस रोजा तरावीह का हुआ समापन



नई सोच एक्सप्रेस

**खगौल।** मक्का मस्जिद जगजीवन स्टेडियम के बगल में 10 रोजा तरावीह का एहतमाम किया गया। जो बरोज सोमवार को मुकम्मल हुआ। मुफ्ती सालिक जफर,मौलवी अब्दुल्ला, हाफिज तबारक करीम इनके अलावा इस मुकम्मल तरावी में कई सारे दानिशमंद शहर के नामचीन लोग और मौलवी मौलाना मौजूद रहे। साथ ही साथ मदरसे के बच्चे भी मौजूद रहे। खत्म तरावी में नजराना के अलावा हाफिज साहब को कपड़ा और मोएजिन साहब को कपड़ा दिया गया। इस मौके पर ताज एकता कमेटी की तरफ से सभी लोगों के लिए खाने का इंतजाम किया गया।इस लंगर को ताज एकता कमेटी के मोहम्मद रिंकू उर्फ मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद बादल, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद राजी, मोहम्मद बउआ, मोहम्मद राजा, मोहम्मद सद्दाम सहित अन्य लोगों ने मिलकर बहुत धूमधाम से किया।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय छात्र महोत्सव-2025 आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस

**पश्चिमी दर्शन से भिन्न है भारतीय दर्शनः शशांक**




**» भारत के साथ गहनता से जुड़ी हैं फ़िजी की संस्कृति और इतिहास की जड़ेंः जगन्नाथ सामी**

**» हमें अपने अंतरराष्ट्रीय पूर्व छात्रों पर है गर्व, वैश्विक विकास में दे रहे हैं अपना बहुमूल्य योगदानः कुलपति प्रो. योगेश सिंह**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के फॉरेन स्टूडेंट्स रजिस्ट्री (एफएसआर) विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय छात्र महोत्सव-2025 का आयोजन मंगलवार, 11 मार्च को किया गया। इस अवसर पर राजदूत शशांक (भारत सरकार के पूर्व विदेश सचिव) बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। फ़िजी गणराज्य के उच्चायुक्त जगन्नाथ सामी महोत्सव के विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न देशों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने देश की संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशांक ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप में से प्रत्येक विद्यार्थी आपके देश की भारत के साथ साझेदारी को विकसित करने में काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन पश्चिमी दर्शन से भिन्न है। हमारी सोच है कि अपने ज्ञान को आप दूसरों के साथ जितना बांटेंगे उतना आप भी और प्राप्त करेंगे और अन्य लोग भी प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जगन्नाथ सामी ने कहा कि अपने पूर्वजों की मातृभूमि में आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। फ़िजी की संस्कृति और इतिहास की जड़ें गहनता से भारत के साथ जुड़ी हैं। फ़िजी अपने आप में लघु भारत है। जब भारतीय लोग फ़िजी गए थे तो अपने साथ रामायण, महाभारत, गीता, कुरान और बाइबल जैसी पवित्र पुस्तकें लेकर गए थे, जिन्होंने उन्हें मानसिक और धार्मिक रूप से गहनता से मजबूत किया। राम लीला, कृष्ण लीला और भजनों आदि के माध्यम से उन्होंने अपनी पहचान को बनाए रखा है। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि डीयू में पढ़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्र भारत के विभिन्न प्रदेशों का भी भ्रमण करें ताकि वह भारत की समृद्ध संस्कृति का अवलोकन कर के उसे समझ सकें। उन्होंने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय भारत का पहला विश्वविद्यालय था जिसने 1956 में विदेशी छात्रों के लिए अफ्रीकन स्टडी विभाग में कार्यालय स्थापित किया था। कुलपति ने बताया कि डीयू के डिप्लोमा और डिग्री से लेकर पीएचडी तक सभी कोर्सों में 10% सुपरन्यूमरेरी सीटों की व्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए की गई है। पिछले वर्षों में हमने हजारों विदेशी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी है। उन्होंने डीयू के अनेकों पूर्व अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की उनके देशों में मजबूत उपस्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि मॉरीशस के वर्तमान राष्ट्रपति गोकुल धर्म, श्रीलंका की वर्तमान प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या, म्यांमार की नोबल पुरस्कार विजेता आंग सान सू और नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला सहित अनेकों ऐसे व्यक्तित्व हैं जिन्होंने दुनिया में डीयू का नाम रोशन किया है। कुलपति ने कहा कि हमें अपने अंतरराष्ट्रीय पूर्व छात्रों पर गर्व है जो उनके देशों की मजबूती के साथ वैश्विक विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। डीयू के डीन एफएसआर प्रो. अमरजीवा लोचन ने बताया कि दुनिया भर से 45 देशों के अंतरराष्ट्रीय छात्र डीयू में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सभी देशों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने देशों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां इस कार्यक्रम के लिए तैयार की हैं। इस अवसर पर बौद्ध भिक्षुओं ने प्रार्थना प्रस्तुत की। तिब्बत, फ़िजी, श्रीलंका, कंबोडिया, वेंज्युएला, थाईलैंड और साउथ कोरिया आदि के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को बांधे रखा। इस दौरान डीयू कल्चर काउंसिल के चेयरपर्सन अनूप लाठर, अनेकों देशों के राजदूत, काउंसलर और प्रतिनिधियों सहित कई शिक्षक और अनेकों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हर ख़बर पर पैनी नज़र
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## बच्चों में विज्ञान की समझ विकसित करना ज़रूरी है

पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर भी जीवन है ? इस बात की पड़ताल एस्ट्रोबायोलॉजी के अंतर्गत किया जाता है। एस्ट्रोबायोलॉजी के जानकार ही वायुमंडल के बाहर जीवन होने के रहस्य से पर्दा उठा सकते हैं, इसके पीछे छुपी होती है। इसी विषय पर अनुशक्ति नगर स्कूल 2में एक वार्ता का आयोजन किया गया एक विषय था अदृश्य खगोल विज्ञान डेढ़ घंटे का एक वैज्ञानिक व्याख्यान 3 मार्च 2025 को सुबह 9:00 बजे, एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल 2, अणुशक्तिनगर, मुंबई-94 में डॉ. सुंदर सहायनाथन द्वारा एक विज्ञान वार्ता, का आयोजन किया गया उन्होंने उन्होंने बताता की ज्ञान के क्षेत्र में जनसामान्य की भागीदारी बढ़ाने और वैज्ञानिक शिक्षा में सुधार द्वारा अधिक कुशल श्रमशक्ति के विकास में मदद मिलती है।खगोल विज्ञान वैज्ञानिक शोध में वैचारिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इससे अर्जित ज्ञान को मौसम विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, एवं संचार व्यवस्था जैसे प्रायोगिक विज्ञान के क्षेत्रों में आसानी से लागू किया जा सकता है। यह करने हेतु जिन उपकरणों की हमें आवश्यकता है वे महंगी भी नहीं हैं। यदि हम दूरसंवेदी डेटा से तुलना करें तो खगोल विज्ञान संबंधी डाटाबेस सस्ती भी हैं और सहज रूप से उपलब्ध भी हैं। तथापि आंकड़ों की प्रसंस्करण तकनीकें (मसलन, इमेज प्रोसेसिंग) दोनों ही मामलों में एक जैसी है। इनमें दूरबीन, स्पेक्ट्रोस्कोप इत्यादि बनाने के प्रशिक्षण से लेकर मौसम, चंद्र एवं सूर्यग्रहण इत्यादि जैसे खगोलीय अवधारणाओं की व्याख्या की जाती है। उच्च क्षमता वाली दूरबीनों की एक प्रणाली है जिससे गामा-किरणों की जाँच की जाती है। उदाहरण स्वरूप इस क्षेत्र के कुछ किसानों ने भी पर्यटकों के लिए अपने बागानों में शौकिया खगोलविदों के लिये छोटी दूरबीनों की स्थापना की है। खगोल विज्ञान का विकास और प्रसार औद्योगिक और वैज्ञानिक विकास की भी शुरुआत करता है खगोल विज्ञान संस्था द्वारा विज्ञान क्लब चलाना, शैक्षणिक सामग्री का वितरण एवं खगोल विज्ञान तथा भौतिकी के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का संयोजन करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये जाते हैं।

## संविधान सभा में महिलाओं का अमूल्य योगदान



आरती कुमारी

भारतीय संविधान का निर्माण केवल एक कानूनी दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया नहीं थी बल्कि यह एक नए भारत की सामाजिक और राजनीतिक दिशा तय करने का युगांतकारी प्रयास था। इस प्रक्रिया में जिन 15 महिलाओं ने हिस्सा लिया, उन्होंने अपने विचारों और संघर्षों के माध्यम से संविधान को अधिक समावेशी और न्यायसंगत बनाया। संविधान सभा में महिलाओं की संख्या कमथी लेकिन उनके विचार और उनके द्वारा किए गए प्रयास भारतीय लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने में निर्णायक रहे। इन्होंने महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम सुरक्षा, संपत्ति के अधिकार और राजनीतिक भागीदारी से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर आवाज उठाई और यह सुनिश्चित किया कि भारतीय संविधान में महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिले। संविधान सभा की महिला सदस्यों में राजकुमारी अमृत कौर, हंसा मेहता, दुर्गाबाई देशमुख, सरोजिनी नायडू, विजया लक्ष्मी पंडित, रेणुका रे, कमला चौधरी, पुर्निमा बैनर्जी, एनी मस्कारेन, भागनाथी देवी, लीला रॉय, सुचिता कृपलानी, अरुणा आसफ अली, अम्मू स्वामीनाथन और लक्ष्मी मेनन प्रमुख थीं। ये सभी महिलाएँ अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावशाली कार्य कर चुकी थीं और संविधान सभा में भी इन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। सभा में एकमात्र मुस्लिम महिला बेगम कुदसिया ऐजाज रसूल धर्मनिरपेक्षता की कट्टर समर्थक थी। वह समावेशी राष्ट्रीय पहचान की समर्थक थी। सभा में पहली दलित महिला श्रीमती दक्षायनी वेलायुधन ने निर्भीकता से अस्पृश्यता का विरोध किया और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। श्रीमती दुर्गाबाई देशमुख ने सामाजिक कल्याणकारी नीतियों के निर्माण और महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर भारत के सामाजिक न्याय के प्रारंभिक प्रारूप में योगदान दिया। श्रीमती हंसा जीवराज मेहता ने भारत के मौलिक अधिकारों का प्रारूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि संवैधानिक बहसों में लैंगिक न्याय को महत्ता मिले। राजकुमारी अमृत कौर एक अग्रणी राजनेता, भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों की निर्माता थी और उन्होंने देश में आधुनिक स्वास्थ्य सेवा की नींव रखी। "भारत कोकिला" श्रीमती सरोजिनी नायडू नागरिक स्वतंत्रता की एक मुखर समर्थक थी। उन्होंने भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा। श्रीमती सुचेता कृपलानी, जो बाद में भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनी सभा में एक प्रमुख आवाज़ थी। वह श्रम अधिकारों और शासन सुधारों की समर्थक थी। प्रतिष्ठित राजनयिक श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक शासन में भारत की भूमिका का पुरजोर समर्थन किया। इस पुस्तक में अन्य प्रमुख महिलाओं के योगदान का भी उल्लेख किया गया है जिन्होंने भारत के लोकतंत्र और संवैधानिक आदर्शों को आकार देने में



एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हंसा मेहता ने प्रस्तावना में "मनुष्य" की जगह "पुरुष और महिला" शब्द जोड़ने की वकालत की, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि संविधान केवल पुरुषों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि महिलाओं को भी समान अधिकार प्रदान करेगा। डॉ. दुर्गाबाई देशमुख ने शिक्षा सुधारों पर विशेष जोर दिया और महिलाओं की उच्च शिक्षा के लिए संवैधानिक प्रावधानों को मजबूत किया। वे आगे चलकर योजना आयोग की सदस्य बनीं और सामाजिक सुधारों में योगदान दिया। सरोजिनी नायडू, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख महिला थीं, ने संविधान सभा में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को लेकर प्रभावशाली तर्क दिए। संविधान सभा की महिला सदस्यों ने कई महत्वपूर्ण अनुच्छेदों के निर्माण में योगदान दिया, जिनका प्रभाव आज भी भारतीय समाज में देखा जा सकता है। इन्होंने समानता, संपत्ति के अधिकार, मातृत्व अवकाश, शिक्षा और कार्यस्थल पर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित किया। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 महिलाओं को समानता का अधिकार और सरकारी नौकरियों में समान अवसर प्रदान करते हैं। अनुच्छेद 39 (डी) महिलाओं और पुरुषों के लिए समान कार्य के बदले समान वेतन सुनिश्चित करता है। अनुच्छेद 42 मातृत्व अवकाश और श्रम सुधारों को मजबूती प्रदान करता है, जबकि अनुच्छेद 44 समान नागरिक संहिता (UCC) की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम था। पंचायतों और नगरपालिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए अनुच्छेद 243 (डी) के तहत आरक्षण की नींव रखी गई, जिसे बाद में 73वें और 74वें संविधान संशोधनों के तहत लागू किया गया। संविधान सभा की महिला सदस्यों के प्रयासों का दीर्घकालिक प्रभाव भारतीय समाज पर पड़ा। इन्होंने सुनिश्चित किया कि महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और राजनीति में समान अवसर मिले। इनके योगदान से ही आगे चलकर महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए सरकार ने विभिन्न योजनाएँ लागू कीं। "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ", "विशाखा दिशानिर्देश", और "यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013" जैसे कानून इन्हीं संवैधानिक प्रयासों का परिणाम हैं। संविधान सभा की महिला सदस्यों ने भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका को सुनिश्चित किया और एक ऐसे समाज की नींव रखी, जहाँ पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार मिले। भले ही इनकी संख्या कम थी, लेकिन इनके विचारों ने भारतीय संविधान को अधिक समावेशी और न्यायसंगत बनाया। आज, जब हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो हमें उन महिलाओं को जरूर याद करना चाहिए जिन्होंने एक नया भारत गढ़ने में अपनी भूमिका निभाई।

### सूडोकु नवताल- 7367

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7366 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## बदलते ज़माने की रंग बदलती होली



प्रियंका सौरभ

होली ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं। लोग दुश्मनी भुलाकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफ़सोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। रंगों की बौछारें और होली की जीवंतता ने उत्सव के बाद जैसी शांत ले ली है। "आओ राधे खेलें फाग, होली आई" के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाज़ें समय के साथ दबती जा रही हैं। फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ़ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग ख़ुशी से एक-दूसरे पर रंग डालते और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस ख़ुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थी और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नज़र आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए "हैप्पी होली" के साथ शुरू और ख़त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय मोबाइल पर समय बिताने में ज्यादा रुचि रखते हैं। पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की ख़ुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदायिक भावना कम होती जा रही है। फ़ोन पर एक साधारण "होली मुबारक" ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान ख़ुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज़्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है। होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरुआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब ख़त्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंतता कहाँ चली गई? आज, होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह में लोग होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक-दूसरे के घर जाते और फगुआ गाते थे। अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं।




**मेष राशि** : आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा।

**वृष राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को और मेहनत करने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता मिलेगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपका मन शांत व संतुष्ट रहेगा। किसी को दिया हुआ धन वापस मिलेगा।

**कर्क राशि** : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप बहुत कुछ सीखेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया करेंगे, किसी प्रतियोगिता में भाग भी ले सकते है।

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ टाइम स्पेंड करेंगे।

**तुला राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कम्प्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरुरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज नया काम शुरू करने से पहले, उसके जानकर व्यक्ति की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी।

**धनु राशि** : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। मल्टीनेशनल कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की पदोन्नति होगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी बड़ी कंपनी से जॉब का प्रपोजल आयेगा। सोशल मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है।

**मकर राशि** : आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा, जिससे आपको रिलैक्स फील होगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियाँ बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे।

**कुंभ राशि** : आज आपका दिन खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

**मीन राशि** :आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

## चीन ने रक्षा बजट 7.2% बढ़ाया, भारत के लिए कितनी बड़ी चुनौती?

अशोक भाटिया , मुंबई

चीन का 245 बिलियन डॉलर का रक्षा बजट भारत के 79 बिलियन डॉलर से तीन गुना अधिक है, जिससे आधुनिकीकरण, रणनीतिक निवारण और सैन्य तैयारियों के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। चीन ने अपने वार्षिक रक्षा बजट में 7.2% की वृद्धि की घोषणा की है, जिससे उसका आधिकारिक सैन्य व्यय बढ़कर 245 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के दौरान सामने आया यह घटनाक्रम बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने पर बीजिंग के फोकस को रेखांकित करता है। पिछले वर्ष के समान प्रतिशत वृद्धि को बनाए रखने के बावजूद, विशेषज्ञों का तर्क है कि चीन का वास्तविक सैन्य खर्च घोषित की गई राशि से काफी अधिक है। एक समाचार रिपोर्ट के अनुसार, चीन का वास्तविक रक्षा बजट आधिकारिक आंकड़ों से 40-50% अधिक हो सकता है, क्योंकि वास्तविक व्यय को छिपाने के लिए अक्सर धन को विभिन्न श्रेणियों के तहत आवंटित किया जाता है। घोषित आंकड़ों के अनुसार भी, चीन का रक्षा बजट भारत के 79 बिलियन डॉलर के आवंटन से तीन गुना अधिक है और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है, जिसने 2025 में सैन्य खर्च के लिए 900 बिलियन डॉलर से अधिक का बजट निर्धारित किया है। चीन की संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की बैठक में इस बढ़ोतरी की वजह बताते हुए प्रवक्ता वांग चाओ ने कहा कि सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए बजट को बढ़ाया गया है। यह आठवां साल है जब चीन में सैन्य बजट में बढ़ोतरी का ऐलान किया गया है। स्पष्ट है कि चीन भले ही बुरे आर्थिक हालातों से जूझ रहा है, लेकिन जंग के लिए खुद को तैयार कर रहा है। प्रधानमंत्री ली केकियांग का कहना है, सैन्य अभियान चलाने और युद्ध की तैयारियों को बढ़ाने के लिए रक्षा बजट में बढ़ोतरी की गई है। अमेरिका के बाद चीन डिफेंस सेक्टर में सबसे ज्यादा खर्च करने वाला देश है। 2025-2026 के लिए भारत का कुल बजट $580 बिलियन (50.65 ट्रिलियन) है, जिसमें अनुमानित राजस्व $400 बिलियन (34.96 ट्रिलियन) है। हालाँकि, भारत का रक्षा आवंटन सकल घरेलू उत्पाद का 1.9% बना हुआ है, जो चीन और पाकिस्तान के खिलाफ़ विश्वसनीय प्रतिरोध के लिए रक्षा विशेषज्ञों द्वारा सुझाए गए 2.5% से काफी कम है। रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषकों का तर्क है कि भारत को अपने रक्षा खर्च को सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 2.5% तक बढ़ाना चाहिए ताकि परिचालन संबंधी कमियों को प्रभावी ढंग से दूर किया जा सके और अपनी सेनाओं का आधुनिकीकरण किया जा सके। वर्तमान में, रक्षा बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा - लगभग 75% - वेतन, पेंशन और परिचालन लागतों में चला जाता है, जिससे उन्नत सैन्य संपत्ति हासिल करने के लिए सीमित धनराशि बचती है। रक्षा बजट को बढ़ाना चीन की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्तमान में चीन की हथियारों को तैयार करने की क्षमता काफी ज्यादा है। हथियारों को निर्यात करने के मामले में अमेरिका, रूस और फ्रांस के बाद चीन चौथे पायदान पर है। दुनिया की टॉप 10 हथियार कंपनियों में चीन की तीन शामिल हैं। हथियारों की ब्रिकी का रिकॉर्ड देखें तो अमेरिका की लॉकहीड मार्टिन और नॉर्थ्रप ग्रमन कॉरपोरेशन के बाद तीसरे पायदान पर चीन का नॉर्थ इंडस्ट्रीज ग्रुप कॉरपोरेशन है। डिफेंस सेक्टर में चीन के जो हालात हैं वो हमेशा से वैसे नहीं थे। सोवियत संघ के दौर में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी काफी अहद तक रूसी हथियारों पर निर्भर रहती थी। सोवियत संघ से चीन ने काफी कुछ सीखा। यही वजह है कि चीनी हथियार से लेकर लड़ाकू विमानों में सोवियत संघ की छाप देखने को मिलती है। समय के साथ चीन में हथियारों के निर्माण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ना शुरू किया। रूसी तकनीक और अपने पुराने मिसाइल सिस्टम में सुधार किए। अपनी वेपन सिस्टम डेवलप किए। अभी भी चीन सोवियत के दौर के हथियार बना रहा है। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच हथियारों का आदान-प्रदान हो रहा है। स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट कहती है, 2016 से 2021 तक चीन ने जितना हथियार आयात किया था, उसका 81 फीसदी हिस्सा तो रूस ने भेजा था। गौरतलब है कि चीन द्वारा उसके रक्षा खर्चों में यह बढ़ोतरी ऐसे समय की गई है जब लद्दाख और अरुणाचल सीमा पर पिछले लगभग दो साल से चल रहा तनाव कम नहीं हुआ है। तनाव कम करने के लिए 15वें दौर की वार्ता में भी कुछ हल निकल सका है। वहीं दूसरी तरफ चीन का अमेरिका के साथ सैन्य एवं राजनीतिक तनाव बढ़ता ही जा रहा है। चीन के खिलाफ बने क्वाड गठजोड़ ने भी चीन की चिंताओं को अधिक बढ़ाया है। इन सबके अलावा चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों से पीछे हटने वाला नहीं है। शायद इसीलिए चीन अपने रक्षा बजट में लगातार बढ़ोतरी कर रहा है। विदित हो कि यह लगातार आठवां ऐसा वर्ष है जब चीन के रक्षा बजट में बढ़ोतरी का प्रतिशत इकाई अंक तक ही सीमित रखा, लेकिन भारत की तुलना में उसका रक्षा बजट काफी अधिक है। यहां गौरतलब यह भी है कि रक्षा बजट के मामले में चीन अभी भी अमेरिका से काफी पीछे है। इस घोषणा के बाद चीन अमेरिका के बाद रक्षा पर सबसे अधिक खर्च करने वाला दूसरा देश बन गया है। अमेरिका का रक्षा बजट चीन के मुकाबले लगभग चार गुना ज्यादा होता था जो अब साढ़े तीन गुना ही ज्यादा है। हाल के वर्षों में चीन ने अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए कई बड़े सैन्य सुधार किए हैं। इन सुधारों के तहत उसने दूसरे देशों में अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए नौसेना और वायु सेना को प्राथमिकता देते हुए उनका विस्तार किया। अब चीन नई रोबोट आर्मी तैयार कर रहा है और इसकी तैनाती भी भारतीय सीमा के नजदीक करनी शुरू कर दी है। उसने भारतीय सीमा के नजदीक सैन्य गांव भी बसा दिए हैं। जबकि उसने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के सैनिकों की संख्या में तीन लाख तक की कटौती भी की है। इसके बावजूद 20 लाख की सैन्य संख्या बल के साथ पीएलए अब भी दुनिया की सबसे बड़ी सेना है। चीन अपनी इसी रक्षा नीति पर चलते हुए अमेरिका को पीछे छोड़ता हुआ दुनिया की सबसे बड़ी नौसैन्य ताकत बन रहा है। विगत दो वर्षों में चीनी नौसेना में जितने युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल की गई हैं उतने शायद अमेरिका की नौसेना में न हों। इतने हथियारों की बढ़ोतरी के बाद भी उसकी भूख कम नहीं हुई है। विदित हो कि कुछ समय पहले चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अपनी नौसेना को संसार की सबसे बड़ी नौसैन्य ताकत बनाने का जो संकल्प लिया था उसे चीन पूरा करने में लगा हुआ है। वर्ष 2020 तक चीन ने 360 से ज्यादा युद्धपोतों की तैनाती की है। चीन की यह विस्तारवादी नीति आने वाले समय में विश्व को नए युद्ध में धकेलने में देर नहीं लगाएगी। चीन अपनी सामरिक क्षमता बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोडऩा चाहता है। चीन ने रक्षा बजट में वृद्धि को उचित ठहराते हुए यह भी कह रहा है कि अमेरिका एशिया-प्रशांत क्षेत्र का सैन्यीकरण कर रहा है। खासकर दक्षिण चीन सागर को लेकर खींचतान सबसे ज्यादा है। चीन के नीति नियंताओं के मुताबिक सेना को अत्याधुनिक बनाए जाने के फोकस को देखते हुए रक्षा बजट बढ़ाया गया है। चीन का ध्यान स्टील्थ लड़ाकू विमान, विमानवाहक पोत, सेटेलाइट रोधी मिसाइल समेत नई सैन्य क्षमता विकसित करने पर है। चीन अपना दबदबा बढ़ाने के लिए नौसेना की पहुंच को समुद्री क्षेत्रों में फैला रहा है। इस साल के रक्षा बजट का मुख्य जोर नौसेना के विकास पर रहेगा, क्योंकि दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर पर उसके दावे तथा समुद्री आवागमन के लिहाज से इस क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है। इसके अलावा, एशिया प्रशांत क्षेत्र में अस्थिर सुरक्षा स्थिति को देखते हुए उसके जवाब के तौर पर तैयार होना है। इस तरह यह स्पष्ट हो जाता है कि चीन सैन्य क्षेत्र में दुनिया के शक्तिशाली देशों की तुलना में सबसे ऊपर रहना चाहता है। ऐसी स्थिति में भारत को चीन की रक्षा बजट में बढ़ोतरी से सजग रहने की आवश्यकता होगी। हथियारों के मामले में चीन और रूस की दोस्ती दुनियाभर के देशों समेत भारत के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस को जिस तरह की तोपों के गोलों की जरूरत है, उसकी सप्लाई चीन आसानी से कर सकता है क्योंकि चीनी कंपनी के पास कच्चा माल भी है और उसे बनाने की क्षमता भी।रूसी लड़ाकू विमानों और मिसाइल सिस्टम्स का एक बड़ा जखीरा चीन के पास है।

# दिल्ली कैपिटल्स नये कप्तान, कोच ओर मेंटोर के साथ उतरेगी

**नई दिल्ली**। दिल्ली कैपिटल्स 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल 2025 में नये कप्तान केएल राहुल और नये को हेमंग बादानी के मार्गदशन में उतरेगी। वहीं इसके अलावा टीम ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को मेंटर बनाया है। अब देखना है कि राहुल , बादानी और पीटरसन की तिकड़ी कितनी सफल होती है। राहुल पहले भी कप्तान रहें है, वहीं बादानी भी कोच रहे हैं पर पीटसरन पहले बार मेंटोर बने हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य इस बार दिल्ली कैपिटल्स को खिताब जिताना रहेगा। अब देखना होगा कि वह कितने सफल होते हैं। यह पहली बार होगा जब पीटरसन किसी क्रिकेट टीम के साथ सहायक स्टाफ की भूमिका निभाएंगे। पीटरसन अब डीसी कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच हेमांग बदानी, क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव, गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल और सहायक कोच मैथ्यू मोट के साथ काम करेंगे। वह पहली बार किसी टीम से जुड़ हैं। इससे पहले व कमेंट्री करते रहे हैं। पीटरसन ने आईपीएल 2012 और 2014 में डीसी की ओर से खेला था। इसमें उन्होंने 305 और 294 रन बनाए थे। उन्होंने 17 मैचों में फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी की थी। 200 टी20 खेलने वाले पीटरसन के नाम पर 5,695 रन दर्ज है। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और पुणे फ्रेंचाइजी के लिए 36 मैच खेलकर साथ 1001 रन बनाये हैं। दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा, पीटरसन आधुनिक समय के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक थे, और उनका हमारी टीम में होना एक मूल्यवान जुड़ाव है। इससे पहले इस सप्ताह की शुरुआत में ही दिल्ली कैपिटल्स ने कोच मैथ्यू मॉट को अपने सहायक कोच के रूप में नियुक्त करने की भी घोषणा की।




## हॉकी इंडिया 12 करोड़ रुपये के पुरस्कार बांटेगी

**नई दिल्ली**। अब भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों पर पैसा बरसेगा। हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। इसमें आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को होगा। इमसें साल 2024 सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान होगा। पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाएगा। ये सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिया जाएगा। जुगरात सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को मिलेगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार दिया जाएगा। इन खिलाड़ियों को मिलेगा पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत **सिंह पुरस्कार**- बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज **पिल्लै पुरस्कार**- लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर। सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह

**पुरस्कार**- संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता। के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार, जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।

## सैंटनर बोले रोहित को लेकर दबाव में थे हमारे गेंदबाज




**दुबई**। न्यूलीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। सैंटनर ने कहा है कि रोहित कुछ अवसरों पर असफल हो सकते हैं पर उनका अंदाज ऐसा है कि वह बडे अवसरों पर निर्णायक साबित होते हैं। सैंटनर के अनुसार खिताबी मुकाबले में उनकी टीम के खिलाड़ी रोहित के खेलने के अंदाज से शुरुआत में ही दबाव में आ गये थे। फाइनल में रोहित की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिली। रोहित ने फाइनल में में 41 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। उन्होने 76 रनों की पारी खेली। वह इस मैच में अलग अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखे। रोहित ने सिर्फ अपना रवैय बदला और वह टीम के लिए बड़ी पारी खेलने में सफल हो गये। उन्होंने ये पारी तब खेली जब टीम को सबसे ज्यादा जरुतर थी। सैंटनर ने कहा कि उनका रवैया गेंदबाजों में डल पैदा करता है। वे स्वभाव से आक्रामक हैं और मुझे लगता है कि वह और शुभमन गिल अच्छी तरह से तालमेल बिठाते हैं। शुभमन गिल खराब गेंद का इंतजार करते हैं पर रोहित गेंदबाजों को उनती लेंथ से ही खेलकर खुश होते हैं। वो इंतजार नहीं करते और उनका डर हमारी टीम के गेंदबाजों में भी था। सैंटनर ने साथ ही कहा कि रोहित जिस तरह से खेलते हैं उसके बाद आप कुछ बार असफल हो सकते हैं लेकिन जैसा कि उन्होंने फाइनल में हमारे खिलाफ खिलाफ धीमी पिच पर खेला। वह दिखाता है कि अगर आप अपनी टीम को इस प्रकार से शुरुआत देते हैं तो फिर आप मैच में खुद को आगे रख सकते हैं। पावरप्ले के दौरान जिस प्रकार के आक्रामण उन्होंने किये उससे मैच हमारे हाथ से फिसलने लगा था।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 मार्च से शुरु होंगे

**नई दिल्ली**। खेलो इंडिया पैरा खेल 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किये जाएंगे। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स के इस दूसरे सत्र में इसमें करीब 1,230 पैरा एथलीट छह प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इन खेलों में पेरिस पैरालिंपिक और हांग्जो एशियाई पैरा खेल 2022 के विजेता खिलाड़ी भी शामिल रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 21 से 26 मार्च तक पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग जैसी खेल प्रतियोगिताएं होंगी । इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं को भी रखा जाएगा। वहीं निशाने बाजी के मुकाबले डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में 21 से 25 मार्च तक होंगे। खेलो इंडिया से उभरते हुए खिलाड़ियों को अपने खेल और प्रतिस्पर्धी कौशल को संवारने का अवसर मिलेगा। खेलो इंडिया पैरा गेम्स का पहला संस्करण दिसंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित किया गया था। तब हरियाणा पहले जबकि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे थे।

## आईपीएल नहीं खेलेंगे हैरी , प्रतिबंध का खतरा मंडराया

**लंदन**। इंग्लैंड के क्रिकेटर हैरी ब्रुक ने 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल में नहीं नजर आयेंगे। हैरी आईपीएल से हट गये हैं जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने गत वर्ष हुई निलामी में उन्हें सवा 6 करोड़ रुपयों में खरीदा था। हैरी को बिना किसी पर्याप्त कारण के खेलने से इंकार करने पर अगले दो सत्र के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। हैरी ने कहा है कि वह राष्ट्रीय टीम की ओर से आगामी सीरीज की तैयारी में लगा हूं और इसके लिए तरोताजा होने मुझे समय चाहिये। साथ ही कहा कि देश की ओर से खेलना मेरी पहली प्राथमिकता है। हैरी को नवंबर में हुई मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। यह लगातार दूसरी बार है जब ब्रूक ने आईपीएल से अपना नाम वापस लिया है और ऐसे में अब उन पर प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है। आईपीएल द्वारा शुरू किए गए नए नियम के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो प्लेयर ऑक्शन में खुद को रजिस्टर करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सीजन की शुरुआत से पहले अपने को उपलब्ध नहीं कराता है, उसे टूर्नामेंट और प्लेयर ऑक्शन में भाग लेने से 2 सीजन के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। हालांकि खिलाड़ी चोट लगने या चिकित्सा कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस लेता है तो उसपर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा। ब्रूक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान में कहा, यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव



में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी सीरीज की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूं। ऐसा करने के लिए, मुझे अपने करियर के अब तक के सबसे व्यस्त दौर के बाद रिचार्ज करने के लिए समय चाहिए। मैं जानता हूं कि हर कोई इसे नहीं समझेगा और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता पर मुझे वही करना है जो मुझे सही लगता है। अपने देश के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता और फोकस बना रहेगा। गौरतब है कि पिछले सत्र में ब्रूक किसी करीबी की मृत्यु के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था।

# व्यापार

## शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली**। घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव में नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी थोड़ी और बढ़ी, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। इस लिवाली के कारण शेयर बाजार निचले स्तर से रिकवरी करता हुआ नजर आया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सन फार्मास्यूटिकल्स, आईसीआईसीआई बैंक, बीपीसीएल, अडाणी एंटरप्राइजेज और ब्रिटानिया के शेयर 2.25 प्रतिशत से लेकर 0.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर 20.01 प्रतिशत से लेकर 2.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,467 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 565 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,902 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 21 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 371.29 अंक टूट कर 73,743.88 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही यह सूचकांक गिर कर 73,663.60 तक पहुंच गया। इस गिरावट के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के बाद कारण इस सूचकांक की चाल में लगातार सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 216.79 अंक की कमजोरी के साथ 73,898.38 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 114.35 अंक फिसल कर 22,345.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक फिसल कर 22,314.70 अंक तक पहुंच गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण इस सूचकांक की स्थिति में भी सुधार होता हुआ नजर आने लगा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 38.55 अंक की कमजोरी के साथ 22,421.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 217.41 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,115.17 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 92.20 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।



## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली**। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में तेजी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,830 रुपये से लेकर 87,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,510 रुपये से लेकर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 87,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को महाकुंभ का संगम जल भेंट किया;राष्ट्रीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल,10 साल में दूसरी मॉरीशस विजिट;भारत-मॉरीशस रिश्ते का नया अध्याय खुला
2 दिल्ली की CM रेखा गुप्ता 25 मार्च को पेश करेंगी BJP सरकार का पहला बजट,28 मार्च तक चलेगा सत्र
3 कुत्तों की तरह रेपिस्टों को भी नपुंसक बना देना चाहिए; राजस्थान के राज्यपाल
4 US को बिजली निर्यात पर 25% टैरिफ वसूलेगा ओंटारियो,कनाडा में नए PM के आते ऐक्शन
5 यूरोप तक पहुंचे पाकिस्तान के TTP आतंकी,स्पेन ने बार्सिलोना से 11 संदिग्धों को किया गिरफ्तार
6 तमिलनाडु बनाम केंद्रःहिंदी थोपने पर संसद में हंगामा,स्टालिन-प्रधान के बीच तीखी जुबानी जंग
6 GST डिप्टी कमिश्नर ने 15वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या,पत्नी का आरोपः कार्यालय का था मानसिक दबाव
7 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर साइबर अटैक,Elon Musk ने की पुष्टि;कहाःकई बड़े देश शामिल
8 रेलवे सुरक्षा पर हर साल खर्च हो रहे 1.14 लाख करोड़,अश्विनी वैष्णव बोलेःदुर्घटनाओं पर राजनीति न करे विपक्ष
9 ब्रिटेन में बड़ा समुद्री हादसा,तेल टैंकर और कार्गो शिप में टक्कर के बाद लगी भीषण आग
10 ई-श्रम पोर्टल से 30.68 करोड़ श्रमिकों को मिल रहा फायदा,50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं
11 UP:आतंकी लजर को लेकर नया खुलासा,वसंत पंचमी को ही आ गया था कौशाम्बी,माघी पूर्णिमा पर धमाके की थी तैयारी
12 अमेरिका में मंदी की आहटःशेयर बाजार 4 फीसदी तक टूटे;नैस्डेक,एसएंडपी 500 छह महीने के निचले स्तर के करीब
13 गुजरात में तांत्रिक ने बच्ची का कुल्हाड़ी से गला काटा,हत्या कर खून घर में बने मंदिर में छिड़का,बचाने आए लोगों को डराता रहा
14 तेलंगाना टनल हादसा, पहला शव पंजाब के गुरप्रीत का निकला,पीड़ित परिवार को 25 लाख की मदद का ऐलान;17वें दिन भी रेस्क्यू जारी
15 एअर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी,टॉयलेट में चिट्ठी रखी थी;साढ़े 8 घंटे उड़ने के बाद मुंबई लौटी,322 पैसेंजर सवार थे
16 ED का छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे के घर छापा,शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई
17 मणिपुरःमुक्त आवाजाही शुरू होने के बाद से विरोध प्रदर्शन जारी,कुकी-बहुल क्षेत्रों में अनिश्चितकालीन बंद
18 IPL 2025 में शराब-तंबाकू के विज्ञापन पर लगेगी रोक,स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल अध्यक्ष को लिखा पत्र
19 बजट सत्रःदूसरे फेज का दूसरा दिन-मणिपुर पर चर्चा संभव,कल राज्य का बजट पेश हुआ;वोटर लिस्ट-ट्राई लैंग्वेज पर फिर हंगामे के आसार
20 मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को लेकर आज लोकसभा में होगी चर्चा,3 जिलों से 17 उग्रवादी भी गिरफ्तार
21 जयशंकर ने ब्रिटेन-आयरलैंड यात्रा के अंतिम दिन देखा फुटबॉल मैच;दौरे से साझेदारी को मिलेगी नई गति
22 ब्रिटेन यात्रा के दौरान जयशंकर ने बेलफास्ट व मैनचेस्टर में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया,विदेश मंत्रालय ने कहाःइस यात्रा ने भारत व ब्रिटेन के बीच मजबूत संबंधों की पुष्टि की,जिससे भारत-ब्रिटेन की व्यापक रणनीतिक साझेदारी में नई गति आई
23 सैम पित्रोदा पर कर्नाटक में FIR,वन विभाग की जमीन पर उनके NGO का अस्पताल;14 साल पहले लीज खत्म,फिर भी कब्जा
24 जैसे कुत्तों की होती है नसबंदी,रेपिस्टों को भी नपुंसक बना देना चाहिए;राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दुष्कर्म करने वालों को नपुंसक बना दिया जाना चाहिए,ताकि अन्य लोगों में कानून का डर बैठें और लोग ऐसे अपराध करने से बचें
25 भोपाल में प्रदर्शन के बीच कांग्रेस का मंच टूटा,प्रदेश उपाध्यक्ष समेत 10 से ज्यादा घायल;विधानसभा की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन चलाई
26 कांगो में बड़ा हादसाःनाव पलटने से 25 लोगों की मौत, मृतकों में अधिकतर फुटबॉल खिलाड़ी
27 पान मसाला ऐड पर बुरे फंसे शाहरुख खान,अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ,19 को पेशी
28 मस्क का दावाःसाइबर अटैक से X डाउन हुआ,किसी बड़े संगठन का हाथ;3 घंटे ज्यादा डाउन रहा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म,यूजर एक्सेस नहीं कर पाए
29 कोच बोलेःरोहित 2 साल और खेलेंगे,संन्यास अभी नहीं,वे पूरी तरह फिट,समझ नहीं आता लोग उनके रिटायरमेंट के पीछे क्यों पड़े
30 अमेरिका में मंदी की आहटःशेयर बाजार 4 फीसदी तक टूटे;नैस्डेक,एसएंडपी 500 छह महीने के निचले स्तर के करीब
31 अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दर्ज होगी FIR, सार्वजनिक धन से होर्डिंग्स लगवाने का है मामला
32 पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक,सैकड़ों यात्रियों को बनाया बंधकःबलूच आर्मी
33 कैसे मजबूत हो इलेक्शन प्रोसेस,EC ने सभी दलों से 30 अप्रैल तक मांगे सुझाव
34 अमेरिकी टैरिफ मसले पर सरकार ने लोकसभा में लिखित में दिया जवाब
35 सऊदी अरब के जेद्दा में शुरू हुई यूक्रेन और अमेरिका के बीच वार्ता
36 दिल्ली अग्निकांडःमृतकों के परिजन से मिलीं CM रेखा गुप्ता,मुआवजे का किया ऐलान
37 गुजरातः15 दिन पहले ही गर्मी शुरू,IMD का कुछ जिलों में ऑरेंज-रेड अलर्ट
38 PM मोदी ने मॉरीशस राष्ट्रपति धरम गोखूल से पोर्ट लुइस में की मुलाकात
39 India-Us Tariff:किस क्षेत्र में टैरिफ घटाएगा भारत, लोकसभा में गोगोई ने पूछा,अमेरिकी टैरिफ मुद्दे पर PM मोदी जवाब दें,लोकसभा में बोले गौरव गोगोई,अमेरिकी टैरिफ मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष का जोरदार हंगामा
40 अमन साहू एनकाउंटर अपडेटःSTF का एक जवान घायल,मेदिनीपुर MMCH में एडमिट,लोकसभा में पेश इमीग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025;दलाई लामा को तिब्बत के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार नहींःचीनी विदेश मंत्रालय




# सिनेमा का जादूगर, आमिर खान का 60वें बर्थडे से पहले फैंस को बड़ा तोहफा

## थिएटर्स में लगेगा फिल्मों का मेला

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान आगामी 14 मार्च को 60 वां जन्मदिन मनाने जा रहे हैं. ऐसे में आमिर खान ने अपने जन्मदिन को फैंस संग मनाने के लिए खास इंतजाम किया है. पीवीआर आईनॉक्स ने आमिर खान के 60वें जन्मदिन के खास मौके पर आमिर खान: सिनेमा का जादूगर नाम से एक स्पेशल फिल्म फेस्टिवल का एलान किया है. आमिर खान, जो अपनी दमदार परफॉर्मेंस और अलग तरह की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई दी है. उनकी फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया है, बल्कि समाज को भी गहराई से प्रभावित भी किया है. इसी योगदान को सेलिब्रेट करने के लिए ये खास फेस्टिवल रखा गया है, जिसमें उनके बेहतरीन सिनेमाई सफर को बड़े पर्दे पर फिर से देखने का मौका मिलेगा. आमिर खान का करियर उनकी दमदार स्क्रिप्ट चुनने की आदत, रिकॉर्ड तोड़ फिल्मों और ऐसी कहानियों के लिए जाना जाता है, जो सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचती हैं. कयामत से कयामत तक से रोमांस का नया दौर लाने से लेकर लगान, तारे जमीन पर, 3 इडियट्स और दंगल जैसी फिल्मों से सिनेमा की सोच बदलने तक, आमिर ने अपनी फिल्मों से इंडस्ट्री पर गहरी छाप छोड़ी है. अजय बिजली, मैनेजिंग डायरेक्टर, पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड, ने आमिर खान की तारीफ करते हुए कहा, आमिर खान सिर्फ एक एक्टर ही नहीं, बल्कि इंडियन सिनेमा के सबसे बड़े ट्रेंडसेटर में से एक हैं, उन्होंने हमेशा हटके और दमदार कहानियां चुनी हैं, जो सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं देतीं, बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती हैं, 3 इडियट्स जैसी फिल्म ने हमें सिखाया कि सक्सेस के पीछे भागने से ज्यादा जरूरी है एक्सीलेंस हासिल करना और यही आमिर की खासियत है, उनकी फिल्में लोगों के दिलों तक पहुंचती हैं और बॉक्स ऑफिस पर झंडे भी गाड़ती हैं. बता दें, बॉलीवुड के पहले 100 करोड़ क्लब से लेकर 200 करोड़ और फिर 300 करोड़ तक, आमिर खान ने हर बार नया रिकॉर्ड बनाया है. एक्टर ने साबित कर दिया कि अच्छी कहानियां और तगड़ी कमाई दोनों साथ-साथ मुमकिन हैं. आमिर खान: सिनेमा का जादूगर फेस्टिवल पूरे देश में पीवीआर आईनॉक्स के थिएटर्स में होगा, जहां फैन्स को आमिर खान की जबरदस्त फिल्में फिर से बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेंगी. आमिरा खान के प्रोडक्शन हाउस इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस संग यह गुडन्यूज साझा की गई है. आमिर खान की फिल्मों का यह फिल्म फेस्टिवल आगामी 14 मार्च से 27 मार्च तक चलेगा.

# कन्नप्पा से काजल अग्रवाल की पहली झलक आई सामने

## माता पार्वती के रूप में दिखीं अभिनेत्री






काजल अग्रवाल की अपकमिंग तेलुगू पौराणिक ड्रामा 'कन्नप्पा से उनका फर्स्ट लुक पोस्टर आउट हो चुका है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्टर को शेयर करते हुए उसे अपना ड्रीम रोल बताया। पोस्टर में काजल मां पार्वती के किरदार में नजर आईं। 'कनप्पा के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया और अभिनेत्री ने भी अपने प्रशंसकों को इस लुक से रूबरू कराया। पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए काजल अग्रवाल ने लिखा, वाकई एक ड्रीम रोल! 2025 की शुरुआत करने की खुशी है कन्नप्पा, हर हर महादेव। माता पार्वती। काजल अग्रवाल की पोस्ट पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने कमेंट करते हुए लिखा, बहुत खूबसूरत। वहीं, पोस्टर में अभिनेत्री देवी पार्वती के रूप में खूबसूरत लग रही हैं। पोस्टर में अभिनेत्री ने सुनहरे बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहनी है। उनके लुक को सुनहरे नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स, चूड़ियों और मांग-टीका के साथ पूरा किया गया है। उनके बाल खुले रखे गए और उनमें गुलाबी रंग का फूल लगा हुआ है। 'कन्नप्पा के निर्देशक मुकेश कुमार सिंह हैं और निर्माण मोहन बाबू ने 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के सहयोग से अपने बैनर एवीए एंटरटेनमेंट के तहत किया है। फिल्म में काजल अग्रवाल के साथ विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे, जबकि मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, कौशल मंडा, राहुल माधव, देवराज, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम, रघु बाबू, प्रीति मुखुंधन, मधु, मोहनलाल, प्रभास और अक्षय कुमार भी महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार कैमियो किरदार में नजर आएंगे। 'कन्नप्पा अक्षय कुमार की पहली तेलुगू फिल्म है। स्टीफन देवसी ने फिल्म के लिए गाने और बैकग्राउंड स्कोर को तैयार किया है। 'कन्नप्पा की शूटिंग देश के कई हिस्सों के साथ ही न्यूजीलैंड में भी की गई है। 'कन्नप्पा इस साल 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# ट्रेडिशनल लुक में कहर बरपाती दिखीं प्रज्ञा जैसवाल, एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर लगाया हॉटनेस का तड़का


बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड कर के इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी शोख अदाएं देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं करते नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट एथनिक लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। हाल ही में प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने बेहद ही खूबसूरत ब्लू कलर का लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों का बन बनाकर, कानों में




इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनकी ये कातिल अदाएं देख लोगों की नजरें नहीं हट रही है। बता दें कि एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# भारत के एडिसन जीडी नायडू की बायोपिक की घोषणा, माधवन निभाएंगे मुख्य भूमिका

निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार 'भारत के एडिसन के नाम से मशहूर वैज्ञानिक जीडी नायडू की बायोपिक बनाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल जारी कर दिया है। टाइटल 'जी.डी.एन रखा गया है, जिसमें अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। वैज्ञानिक पर आधारित बायोपिक का भारत में शेड्यूल मंगलवार से शुरू हो चुका है, जिसमें आर माधवन के साथ अभिनेता प्रियामणि, जयराम और योगी बाबू भी शामिल होंगे। फिल्म में संगीत गोविंद वसंता ने दिया है। अभिनेता माधवन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने लिखा, आप सभी के आशीर्वाद और शुभकामनाओं की जरूरत है। जानकारी के अनुसार, फिल्म की पूरी शूटिंग कोयंबटूर में की




जाएगी, जो वैज्ञानिक का जन्मस्थान है। फिल्म के कार्यकारी निर्माता मुरलीधरन सुब्रमण्यम ने बताया था, फिल्म का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा कोयंबटूर में शूट किया जाएगा और बाकी पांच प्रतिशत विदेश में शूट किया जाएगा। पांच प्रतिशत का एक छोटा हिस्सा, जो विदेश में शूट किया जाना था, वह पिछले साल ही पूरा हो चुका है। बाकी हिस्से की शूटिंग जारी है। मुरलीधरन ने कहा, निर्देशक और उनकी टीम ने वैज्ञानिक के जीवन पर तीन से पांच साल से भी अधिक समय तक रिसर्च किया है। टीम का उद्देश्य था कि जीडी नायडू, विज्ञान और समाज में उनके योगदान का कोई भी हिस्सा ना छूटे। 'रॉकेट्री: द नंबी इफेक्ट को साल 2022 में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए मिले राष्ट्रीय पुरस्कार के बाद वर्गीज मूलन पिक्चर्स और ट्राइकलर फिल्म्स इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। 'रॉकेट्री: द नंबी इफेक्ट में नंबी नारायणन की भूमिका निभाने वाले माधवन अब जीडी नायडू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण वर्गीज मूलन पिक्चर्स के वर्गीज मूलन और विजय मूलन तथा ट्राइकलर फिल्म्स के आर. माधवन और सरिता माधवन करने के लिए तैयार हैं। अरविंद कमलानाथन फिल्म के सिनेमैटोग्राफर और क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।